दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004 //// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 287 | जयपुर | गुरुवार, 21 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


संक्षिप्त समाचार

## जयपुर के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

### द पैलेस स्कूल और एसएमएस स्कूल को मिला धमकी भरा मेल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दोनों स्कूलों द पैलेस और एसएमएस को देर रात मेल कर धमकी दी गई। स्कूल स्टाफ ने सुबह मेल देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। दोनों स्कूलों में बम निरोधक दस्ता, एटीएस और डॉग स्क्वायर्ड की टीम सर्च करने पहुंची लेकिन कुछ नहीं मिला। वहीं बच्चों को वापस घर भेज दिया गया था। टीम स्कूलों की हर जगह और क्लास रूम के चप्पे-चप्पे पर छानबीन की।

**द पैलेस स्कूल को तीसरी बार मिली धमकी**

माणक चौक थाना इलाके में स्थित द पैलेस स्कूल को रात को मेल किया गया था। मेल में लिखा है- द पैलेस स्कूल के कक्षा 4-7 के क्लासरूम और टॉयलेट में 2 टीएनटी आईईडी विस्फोट होने वाला हैं। 1.45 बजे तक सभी बच्चों को बाहर निकाल लो। बता दें कि द पैलेस स्कूल को 3 महीने में तीसरी बार धमकी मिली है। 23 दिन पहले भी बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल किया गया था। इससे पहले 15 जून (रविवार) को भी मेल के जरिए धमकी दी गई थी।

## राजीव गांधी की 81वीं जयंती, संसद में श्रद्धांजलि दी गई

### राहुल ने फोटो शेयर कर लिखा-पापा के सपने पूरा करना मेरा लक्ष्य; प्रियंका-खड़गे वीर भूमि पहुंचे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बुधवार को 81वीं जयंती थी। इस मौके पर संसद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई सांसद शामिल हुए। इधर, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली के वीर भूमि पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस पूर्व पीएम के जन्मदिवस को दिवस के रूप में मना रही है। राहुल गांधी ने ट्वीटर पर पापा राजीव गांधी की फोटो शेयर कर लिखा- एक ऐसा भारत जहां हर नागरिक को सम्मान मिले, जहां सद्भावना हो, लोकतंत्र और संविधान से देश मजबूती से खड़ा हो। पापा, आपके देखे इस सपने को पूरा करना ही मेरा जीवन लक्ष्य है। पीएम मोदी ने कहा- आज उनकी जयंती पर, पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को मेरी श्रद्धांजलि। प्रियंका ने ट्वीटर पर लिखा- विरासत में आप से करुणा, प्रेम और देशभक्ति का धर्म मिला। हम दोनों हमेशा के लिए ये धर्म निभायेंगे। न कोई तोड़ पाएगा, न कोई रोक पाएगा, न कभी हमारे कदम लड़खड़ायेंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीटर पर लिखा- राजीव गांधी जी ने साहस के साथ परंपरागत रास्तों से हटकर नई सोच और इनोवेटिव योजनाओं को अपनाया, ताकि भारत 21वीं सदी के लिए तैयार हो सके।

सीपी राधाकृष्णन के नामांकन पर बोले पीएम मोदी

## विश्वास है कि वह एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे...



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के नामांकन के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विश्वास व्यक्त किया कि वह एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति साबित होंगे। उन्होंने कहा कि मंत्रियों, पार्टी सहयोगियों और एनडीए नेताओं के साथ, मैं थिरु सीपी राधाकृष्णन के साथ भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने गया। एनडीए परिवार को विश्वास है कि वह एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति साबित होंगे और राष्ट्रीय प्रगति की हमारी यात्रा को समृद्ध करेंगे। एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

## गिरफ्तारी या 30 दिन हिरासत पर

# पीएम हो या सीएम का पद जाएगा...

## 5 साल+ सजा वाले अपराध में लागू होगा; सरकार बिल लाई, विपक्ष का विरोध, जेपीसी को भेजा





बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री या कोई भी मंत्री किसी ऐसे क्राइम में अरेस्ट या 30 दिन की हिरासत में रहता है, जिसकी सजा 5 साल या उससे ज्यादा हो तो उसे पद छोड़ना पड़ेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में इससे संबंधित तीन बिल पेश किए। तीनों विधेयकों के खिलाफ लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की।

विपक्ष ने गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले फेंके। कांग्रेस, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और सपा ने बिलों को न्याय विरोधी, संविधान विरोधी बताया। इस पर शाह ने बिलों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की बात कही।

दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने 6 महीने और तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी ने 241 दिनों तक हिरासत और जेल में रहने के बाद अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया था। केजरीवाल पद पर रहते गिरफ्तार होने वाले पहले सीएम थे।

ये तीनों बिल अलग-अलग इसलिए लाए गए हैं, क्योंकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित राज्यों के लीडर्स के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं।

**पहला बिल**

130वां संविधान संशोधन बिल 2025 है, जो केंद्र और राज्य सरकारों पर लागू होगा।

**दूसरा बिल**

गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज (संशोधन) बिल 2025 है, जो केंद्र शासित राज्यों के लिए है।

**तीसरा बिल**

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 है, जिसे जम्मू-कश्मीर पर लागू किया जाएगा।

**तीनों बिल के बारे ....**

### 1. गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज (संशोधन) बिल 2025

केंद्र सरकार के मुताबिक, अभी केंद्र शासित प्रदेशों में गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट, 1963 (1963 का 20) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए, ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट, 1963 की धारा 45 में संशोधन की आवश्यकता है।

### 2. 130वां संविधान संशोधन बिल 2025

केंद्र ने इस बिल को लेकर बताया कि संविधान में किसी ऐसे मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है जिसे गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार किया गया हो और हिरासत में लिया गया हो। इसलिए ऐसे मामलों में प्रधानमंत्री या केंद्रीय मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री और राज्यों या नेशनल कैपिटल टेरिटरी दिल्ली के मुख्यमंत्री या मंत्रिपरिषद के किसी मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239 में संशोधन की जरूरत है।

### 3. जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025

जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन के बाद गंभीर आपराधिक केस में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को 30 दिन में हटाने का प्रावधान होगा।

## लोकसभा में विपक्ष ने शाह पर कागज के गोले फेंके....

### सरकार ने 4 बिल पेश किए, विपक्षी सांसदों का सभी पर चर्चा से इनकार

लोकसभा में अमित शाह ने तीन बिल पेश किए तो विपक्ष ने उसकी कॉपी फाड़कर कागज गृह मंत्री पर उछाल दिए। कुछ विपक्षी सांसदों ने कागज के गोले बनाकर भी उन पर फेंके।

इसके बाद बिल जेपीसी को भेज दिया गया। इन बिलों में प्रावधान है- पीएम, सीएम या कोई भी मंत्री किसी ऐसे क्राइम में अरेस्ट या 30 दिन तक हिरासत में रहते हैं, जिसमें पांच साल तक सजा हो, उसे पद से हटा दिया जाएगा। पूरी खबर पढ़ें... इससे पहले सूचना मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन मनी गेम्स पर पूरी तरह से बैन लगाने वाले ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन और रेगुलेशन बिल, 2025 पेश किया। इसके अलावा संसद में विपक्ष का वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी पर विरोध जारी है। लोकसभा की कार्यवाही 5 बजे फिर से शुरू हुई। सदन में केंद्रीय सूचना मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन गेमिंग पर बैन लगाने वाले बिल को पारित कराने के प्रस्ताव रखा। इसके बाद बिल लोकसभा से पास हुआ।

#### अनुराग ठाकुर बोले- विपक्ष भ्रष्टाचारियों के साथ खड़ा है

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्ष किसका विरोध कर रहा है, नैतिकता का या भ्रष्टाचार का? आखिरकार, भारतीय राजनीति में अगर हम नैतिकता के आधार पर और भ्रष्टाचार के खिलाफ इस्तीफा देने की बात करते हैं, और फिर कानून बनाने की बात करते हैं, तो विपक्ष इसका विरोध क्यों करता है?

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों के साथ कौन खड़ा है- विपक्ष, और भ्रष्टाचार से मुक्त कौन है- भाजपा। विपक्ष भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

एलजेपी (रामविलास) सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि विपक्ष कभी किसी विधेयक पर चर्चा नहीं करना चाहता। जब उन्हें अपनी बात रखने का मौका मिलता है, तो वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चेहरे पर कागज फेंकते हैं, वह भी संसद के अंदर। तो उनमें और अपराधियों में क्या अंतर है? यह बेहद चौंकाने वाला है।

राज्यसभा में आईआईएम (संशोधन) विधेयक 2025 पर चर्चा हो रही है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बिल पर चर्चा की।

लोकसभा में 3 बजे कार्यवाही शुरू होने पर शाह ने तीनों बिल को जेपीसी के पास भेजने की मांग की। सदन से तीनों बिल जेपीसी के पास भेजने के लिए पास हुए। लोकसभा में 2 बजे दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संघ राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) बिल 2025, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 और संविधान (130वां संशोधन) बिल 2025 पेश किए।

## भारत ने 'अग्नि-5' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

### 5,000 किमी से अधिक दूरी की मारक क्षमता

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने बुधवार को अपनी सबसे उन्नत मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड की देखरेख में किया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल ने सभी संचालनात्मक और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस परीक्षण में मिसाइल की मार्गदर्शन प्रणाली, प्रणोदन, चरण विभाजन और सटीकता को परखा गया। 'अग्नि-5' की सबसे बड़ी खासियत इसकी 5,000 किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता है, यानी यह मिसाइल एशिया महाद्वीप के लगभग सभी देशों और यूरोप के कुछ हिस्सों तक आसानी से पहुंच सकती है। यह आधुनिक नेविगेशन, मार्गदर्शन और पुन: प्रवेश प्रणाली से लैस है। साथ ही यह परमाणु और पारंपरिक दोनों प्रकार के वारहेड ले जाने में सक्षम है। डीआरडीओ द्वारा विकसित यह मिसाइल पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है और सड़क-गतिशील (रोड-मोबाइल) लॉन्चर से भी दागी जा सकती है।

यह क्षमता भारत की रक्षा तैयारियों को और मजबूत बनाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस परीक्षण से भारत की सामरिक शक्ति में बढ़ोतरी हुई है। परीक्षण के दौरान समुद्र में तैनात जहाजों, राडार और टेलीमेट्री स्टेशनों ने मिसाइल की उड़ान पर लगातार नजर रखी और सभी तकनीकी आंकड़ों का गहन विश्लेषण किया गया। अग्नि श्रृंखला भारत की परमाणु-सक्षम मिसाइलों का मुख्य आधार है। सबसे पहली अग्नि-1 की मारक क्षमता 700 किमी थी।









सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# देवली सखी सहेली शाखा अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन ने जहाजपुर शाखा का गठन किया



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन सखी सहेली शाखा देवली के अथक प्रयासों से राजस्थान प्रदेश की 39 वीं जहाजपुर शाखा का गठन हुआ। इस पर कमलेश मूंदड़ा ने जानकारी में बताया कि नवगठित जहाजपुर शाखा की प्रगति में पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें हेमाबाला मूंदड़ा को अध्यक्ष,आशा डाणी सचिव करुणा लड्डाबी को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। तो वही कुल 19 सदस्यों सहित शाखा का गठन किया गया है। इस अवसर पर देवली शाखा की कमलेश मूंदड़ा, नीतू मंगल, मीनू जिंदल एवं स्मिता शर्मा ने उपस्थित रहते हुए संगठन की कार्य नीतियों पर विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर कमलेश मूंदड़ा ने देवली शाखा द्वारा अब तक किए गए सामाजिक एवं सेवा कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कमलेश मूंदड़ा ने यह भी बताया कि प्रदेश स्तरीय उच्च पदाधिकारी ने देवली शाखा की कार्य नीतियों से प्रभावित होकर भीलवाड़ा जिले की तहसील जहाजपुर में नई शाखा की स्थापना कि है । उल्लेखनीय है कि जहाजपुर नई शाखा का गठन देवली सखी सहेली शाखा के अथक प्रयासों का परिणाम है ।

जिन्होंने निरंतर प्रयास कर संगठन के विस्तार को संभव बनाने में समाज के बीच गरीबों जरूरतमंदों की सेवा हेतु समय-समय पर अपना योगदान दिया। यह भी बताया कि इस शाखा के माध्यम से भविष्य में विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्य किए जाएंगे। जहाजपुर में महिला संगठन सखी सहेली शाखा का गठन होने के साथ ही उक्त क्षेत्र की महिलाएँ अपनी छोटी-छोटी बचत को एकत्र करके गरीब जरूरत मंदों की कई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपना योगदान देने में प्रयासरत रहेगी। महिला संगठन सखी सहेली शाखा का उद्देश्य समाजसेवा के साथ साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर और सहयोग भावना के प्रति जागरुक करते हुए साथ ही साथ महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य प्राप्त करना है ।

# शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु समग्र शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी/करौली( अंशु गुप्ता )।** जिले के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु राजस्थान समग्र शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार के नेतृत्व में संगठन ने पुष्पेंद्र कुमार शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा करौली को ज्ञापन देकर समाधान की मांग की है। करौली के उपशाखा मंत्री राममूर्ति शर्मा ने बताया कि करौली जिले में स्थानांतरण पदस्थापन से शिक्षकों ने कई महीनो पूर्व ही विद्यालयों में कार्य ग्रहण करने के उपरांत भी कार्यालय कार्मिकों की मनमर्जी एवं लापरवाही से आज दिनांक तक भी शाला दर्पण पर मैपिंग का कार्य नहीं किया गया है इससे शिक्षकों की ऑनलाइन प्रविष्टियां अवरुद्ध है जिस कारण शिक्षकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पीड़ित शिक्षकों व संबंधित पीईईओ के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को कई बार निवेदन करने के उपरांत भी कार्यालय कार्मिकों की मनमर्जी व लापरवाही से शिक्षकों की समस्या का समाधान नहीं किया गया है जिससे शिक्षकों में रोश व्याप्त है।जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार ने बताया कि 2022 में अडॉप्ट संविदा कर्मियों के मासिक परिश्रम में राज्य सरकार द्वारा 5त्न की वृद्धि करने के आदेश किए गए थे जिनके तहत हर वर्ष आहरण वितरण अधिकारी प्रधानाचार्य को हर वर्ष संविदा कर्मियों के पारिश्रमिक में 5त्न की वृद्धि करनी चाहिए थी परंतु जिले के कई प्रधानाचार्य जानकारी के अभाव में भ्रमित होकर संविदा कर्मियों के परिश्रम में 5त्न की वृद्धि नहीं कर रहे हैं राजस्थान समग्र शिक्षक संघ ने संविदा कर्मियों के परिश्रमिक में हर वर्ष 5त्न की वृद्धि करने के लिए जिले के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को जिला शिक्षा अधिकारी से निर्देशित करने का आग्रह किया है कि वे प्रधानाचार्य को संविदा कर्मियों के परिश्रम में हर वर्ष 5त्न वृद्धि करने के स्पष्ट निर्देशित करें।जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा उक्त समस्याओं का समाधान अति शीघ्र करने का संगठन को आश्वासन दिया है।

# बंद कार में मिली दो भाइयों की लाश:परिजनों ने जताई बच्चों की हत्या की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गलता गेट थाना इलाके में बंद कार में दो भाइयों लाश मिलने का मामला सामने आया है। दोनों नाबालिग घर के पास खेलते हुए अचानक गायब हो गए थे। परिवार ने बच्चों की हत्या की आशंका जताई है। एक बच्चे के नाक और कान से खून बहा था। ऐसे में मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा।इस घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश फैल गया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि महवा (दौसा) हाल गलता गेट के नागतलाई के रहने वाले शहजाद के बेटे अनस (8), अहसान (5) मंगलवार रात को घर के पास खेल रहे थे। इसके कुछ देर बाद दोनों गायब हो गए थे। परिजनों ने उन्हें काफी देर तक तलाश किया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। दोनों घर के पास खड़ी एक गाड़ी में बेसुध मिले। एक बच्चे के शरीर पर खून के निशान भी थे। पुलिस ने दोनों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों मासूमों की मौत की जानकारी मिलते ही एसएमएस हॉस्पिटल में लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय विधायक रफीक खान भी मौके पर पहुंचे। मौत से गुस्साए लोगों ने देर रात तक काफी हंगामा भी किया। इसके बाद पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद हंगामा शांत हुआ।

**दम घुटने से मौत का अंदेशा**

रामगंज सहायक पुलिस आयुक्त हरिशंकर शर्मा ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि मासूम खेलते-खेलते गाड़ी में घुस गए और ऑटो लॉक हो जाने से अंदर फंस गए। इसके बाद दम घुटने से मौत हो गई। हालांकि परिजनों ने बच्चों की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि शव पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने फिलहाल दोनों शव एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए हैं। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाएगा. इसके बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।मौके पर एफएसएल टीम को बुलाकर फिंगरप्रिंट की भी तस्दीक की गई। घटना में स्पष्ट रूप से जांच के बाद ही कुछ कहना संभव होगा।

**इलाके में गम और गुस्सा**

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक रफीक खान मौके पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। बड़ी संख्या में लोग एसएमएस अस्पताल और नागतलाई इलाके में एकत्र हो गए। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह हादसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन परिजनों की शंका को देखते पुलिस हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही है।

# बयाना में सैण्ड स्टोन रॉयल्टी बढ़ोतरी के विरोध में छात्रसंघ अध्यक्ष ने दिया समर्थन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/बयाना ( अंशु गुप्ता )।** रीको औद्योगिक समिति के बैनर तले सैण्ड स्टोन पर बढ़ाई गई 33.33 प्रतिशत रॉयल्टी दर को निरस्त कराने की मांग को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने को अब छात्र संगठन का भी समर्थन मिलने लगा है। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बयाना के छात्रसंघ अध्यक्ष दिलीप कसाना मंगलवार को अपने साथियों के साथ धरना स्थल पहुंचे और आंदोलन को अपना समर्थन दिया।कसाना ने कहा कि रॉयल्टी में अचानक की गई यह वृद्धि न केवल अनुचित है बल्कि व्यापारियों, किसानों, मजदूरों और आमजन पर सीधा आर्थिक बोझ है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार रोजगार के अवसर बढ़ाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की नीतियां लागू कर मजदूर वर्ग को बेरोजगारी की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने रॉयल्टी दरों को पूर्व स्तर पर बहाल नहीं किया तो आंदोलन और अधिक उग्र होगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आगामी 25 अगस्त को प्रस्तावित बयाना बंद में छात्रसंघ और उनकी पूरी टीम पूरी निष्ठा से सहयोग करेगी। कसाना ने कहा कि यह आंदोलन केवल व्यापारियों का नहीं बल्कि हर वर्ग का है, क्योंकि रॉयल्टी बढ़ोतरी से मकान बनाने वाला किसान और मजदूर तक प्रभावित हो रहा है। धरना स्थल पर मौजूद समिति पदाधिकारियों और अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि रॉयल्टी वृद्धि से बयाना का औद्योगिक क्षेत्र बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। पत्थर उद्योग से जुड़े हजारों मजदूर बेरोजगार हो चुके हैं और व्यापारी वर्ग भारी संकट में है।

इसलिए सरकार को तत्काल इस जनविरोधी निर्णय को वापस लेना चाहिए। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष दिलीप कसाना के साथ मोनू मावई, पंकज अधाना, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रामकेश, कृष्णा जाटव, प्रशान्त और भूपेन्द्र तिवारी भी मौजूद रहे। धरने पर बैठे व्यापारीयों ने छात्रसंघ के समर्थन का स्वागत करते हुए कहा कि आंदोलन को अब युवाओं का भी साथ मिल गया है। जिससे सरकार पर दबाव और बढ़ेगा। समिति ने स्पष्ट किया कि जब तक रॉयल्टी दरें पूर्व स्तर पर बहाल नहीं की जातीं, आंदोलन अनिश्चितकालीन जारी रहेगा।

# बिन बुलाए आने वाला पर्युषण महापर्व देता है आराधना की प्रेरणा - साध्वी विरलप्रभा श्रीजी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स )।** सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी विरलप्रभा श्रीजी, साध्वी विपुलप्रभा श्रीजी और साध्वी कृतार्थप्रभा श्रीजी की निश्रा में आठ दिवसीय पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व का शुभारंभ हुआ। धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी विरलप्रभा श्रीजी ने कहा कि पर्युषण महापर्व बिना बुलाए हर वर्ष आ जाता है। यह पर्व लौकोत्तर है, जिसमें लोभ-लालच नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और साधना का संदेश है। उन्होंने कहा कि इन 8 दिनों में साधक को त्याग, आराधना और आत्मचिंतन करना चाहिए। हरी वनस्पति और ड्राई फ्रूट का त्याग, ब्रह्मचर्य पालन, अहिंसा और नवकार मंत्र का जप जैसे संकल्प लेने चाहिए। साध्वी ने कहा कि हिंसा केवल मारने से नहीं, बल्कि वाणी और व्यवहार से भी होती है, इसलिए पर्युषण आत्मा की आलोचना और शुद्धि का अवसर है। धर्मसभा में साध्वी विपुलप्रभा श्रीजी ने कहा कि ब्रेड या बासी भोजन का सेवन भी जीव हिंसा है, इसलिए पर्युषण के दौरान इससे बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि घर की सफाई तो हर कोई करता है, लेकिन आत्मा की सफाई के लिए यह पर्व विशेष अवसर प्रदान करता है। सह-संयोजक दलपत दोशी ने बताया कि कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविका धर्मलाभ ले रहे हैं और प्रतिदिन प्रवचन व व्याख्यान का आयोजन हो रहा है।

# यूनानी चिकित्सा एवं थैरेपी से मेलास्मा को हटाने का उपाय : डॉ लियाक़त अली मंसूरी



बढ़ता राजस्थान

जयपुर । मेलास्मा के लक्षण क्या हैं ?—मेलास्मा त्वचा पर हल्के भूरे, गहरे भूरे, या नीले रंग के पैच या झाई जैसे धब्बे जैसा बनता है। कभी-कभी पैच लाल या सूजन हो सकते हैं। क्या कुछ खाद्य पदार्थ मेलास्मा को प्रभावित करते हैं ?—स्वस्थ भोजन या पेय , विटामिन डी से भरपूर खाद्य पदार्थ , बादाम का दूध, अंडे , मांस , दूध , मशरूम, तैलीय मछली , संतरे का रस , दही । मेलास्मा वाले लोगों को थायरॉइड रोग होने की संभावना अधिक होती है।

## मेलास्मा के प्रकार क्या हैं ?

1 . एपिडर्मल मेलास्मा 2 . त्वचीय मेलास्मा

3 . मिश्रित मेलास्मा । मेलास्मा कैंसर नहीं है, कैंसर का संकेत हो सकता है या त्वचा कैंसर में सकती है । मेलास्मा एक आम पुराना विकार है। इसका मतलब है कि यह लंबे समय तक चलने वाला है । कुछ लोगों को वर्षों या उनके पूरे जीवन में मेलास्मा होता है। अन्य लोगों को थोड़े समय के लिए मेलास्मा हो सकता है, जैसे कि गर्भावस्था के दौरान। मेलास्मा हानिरहित है। यह किसी भी तरह से दर्दनाक, खुजली या असहज नहीं है।

## मेलास्मा का कारण क्या है ?

मेलास्मा के दो मुख्य कारण हैं

1 . विकिरण—चाहे पराबैंगनी, दृश्य प्रकाश, या अवरक्त (गर्मी) प्रकाश।

2 . हार्मोन।

सूर्य से पराबैंगनी और अवरक्त विकिरण मेलास्मा को बढ़ाने में मदद करता है , अन्य संभावित कारणों में ये भी शामिल हैं—

1 . दौरे की दवाएं 2 . गर्भनिरोधक चिकित्सा 3 . एस्ट्रोजन/डायथिलस्टिलबेस्ट्रॉल 4 . आनुवंशिकी—मेलास्मा वाले लगभग 33प्रतिशत से 50प्रतिशत लोगों में देखा गया है । 5 . हाइपोथायरायडिज्म 6 . एलईडी स्क्रीन—मेलास्मा टेलीविजन, लैपटॉप, सेल फ़ोन और टैबलेट से एलईडी लाइट्स के कारण हो सकता है। 7 . गर्भावस्था विशेषज्ञों का मानना है कि गर्भावस्था के तीसरे तिमाही के दौरान एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन और मेलानोसाइट-उत्तेजक हार्मोन के बढ़े हुए स्तर एक भूमिका निभाते हैं। 8 . हार्मोन—एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन जैसे हार्मोन कुछ लोगों में भूमिका निभा सकते हैं। रजोनिवृत्ति के बाद की महिलाओं को कभी-कभी प्रोजेस्टेरोन दिया जाता है, और उन्हें मेलास्मा विकसित होते हुए देखा गया है।

9 . मेकअप (कॉस्मेटिक्स) से —कुछ सौंदर्य प्रसाधन की वजह से फोटोटॉक्सिक प्रतिक्रिया का कारण बन सकते हैं।

10 . फोटोटॉक्सिक ड्रग्स— ऐसी दवाएं जो सूरज की रोशनी के प्रति संवेदनशील बनाती हैं । 11 . त्वचा देखभाल करने के लिए किए जाने उत्पाद जो सामान्य रूप से त्वचा पर मेलास्मा को बदतर बना देगा।12 . साबुन—कुछ सुगंधित साबुनों को मेलास्मा का कारण माना गया हैं ।

13 . टैनिंग बेड ।

परीक्षण—त्वचा की जांच , त्वचा के रंग में बदलाव देखने के लिए लकड़ी के दीपक (एक काली रोशनी) का उपयोग , थायरॉयड की जांच हो सकती है , बायोप्सी कर सकता है ।

यूनानी उपचार——

1 . फेसिअल हिज़ामा थैरेपी—
2 . शरबत फ़ौलाद
3 . जवारिश कमूनी मुशहिल
4 . माजून उशबा
5 . अर्क शाहतरा



डॉ लियाक़त अली मंसूरी
(यूनानी चिकित्सक एवं हिजामा थैरेपी स्पेशियलिस्ट)
सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर (राज.)

# बुचारा में सर्पदंश से बालिका की मौत, गांव में मातम

बढ़ता राजस्थान




**पावटा।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम बुचारा में मंगलवार को दर्दनाक घटना घटी, जहां 9 वर्षीय बालिका की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतक बालिका की पहचान मीणा का बास ढाणी निवासी शिवानी पुत्री ख्यालीराम मीणा के रूप में हुई, जो कक्षा तीन की छात्रा थी। ग्रामीणों के अनुसार शाम करीब चार बजे बालिका घर पर बैठी थी, तभी उसे सांप ने काट लिया। परिजन उसे तत्काल चोटक्या स्थित हिरामल मंदिर लेकर पहुंचे, जहां झाड़-फूंक कर जहर उतारने की कोशिश की गई। हालांकि, बुधवार सुबह करीब 10 बजे उसकी हालत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बालिका की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि शिवानी मेधावी और होनहार थी, जिसकी असमय मौत ने सभी को स्तब्ध कर दिया। स्थानीय निवासी दिनेश मेहरड़ा और सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत मीणा ने ग्रामीणों से अपील की कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक पर भरोसा न कर तुरंत चिकित्सकीय उपचार लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह घटना सभी के लिए सबक है और सर्पदंश से बचाव व जागरूकता जरूरी है।

# श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित राम मंदिर के सामने श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का शुभ आरंभ किया गया। श्रीमद् भागवत कथा वाचक पंडित बृजभूषण शास्त्री महाराज मथुरा वृंदावन के द्वारा किया जा रहा है । जिसका आयोजन बुधवार 20 अगस्त से मंगलवार 26 अगस्त तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे प्रति दिन होगा। कलश यात्रा के शुभारंभ में प्रात:महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा से पहले आचार्य राजेश वशिष्ठ ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा बड़े महादेव मंदिर टेलीफोन एक्सचेंज रोड से प्रारंभ होकर लक्ष्मी नगर रोड कथा स्थान पर पहुंचकर संपन्न हुई ।इस मौके पर राम मंदिर महंत राम बच्चन दास महाराज, विजानंद भारद्वाज, पूरण भरगड, नितिन भारद्वाज आदित्य भारद्वाज प्रेमचंद कुमावत जितेश, अभय व बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



# रेडिसन ब्लू में सोजतिया ज्वेलर्स का भव्य ज्वेलरी फैशन शो

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर।** शहर के प्रमुख आभूषण प्रतिष्ठान सोजतिया ज्वेलर्स द्वारा रविवार को रेडिसन ब्लू के बैंक्वेट हॉल में भव्य ज्वेलरी फैशन शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुंबई, दिल्ली और जयपुर से आई नामचीन मॉडल्स ने सोजतिया ज्वेलर्स की ओर से तैयार किए गए विशेष कलेक्शन को रैंप पर प्रदर्शित कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

फैशन शो को तीन आकर्षक राउंड में प्रस्तुत किया गया। पहले राउंड में राजपूती ज्वेलरी के अंतर्गत आड, बाजूबंद, नेकलेस और माथापट्टी जैसे पारंपरिक आभूषणों के नायाब डिजाइन प्रदर्शित किए गए। इस राउंड में शो-स्टॉपर डॉ. महेंद्र सोजतिया और श्रीमती रीना सोजतिया रहे। दूसरे राउंड में वेस्टर्न ज्वेलरी की प्रस्तुति की गई, जिसमें ओपन पोलकी और जड़ाऊ की लाइटवेट ज्वेलरी को मॉडल्स ने रैंप पर प्रस्तुत किया। यह कलेक्शन आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप डिजाइन किया गया था और इस राउंड के शो-स्टॉपर नेहल सोजतिया रहे। तीसरे और अंतिम राउंड में ब्राइडल ज्वेलरी का प्रदर्शन हुआ जिसमें ब्राइडल सेट्स और जड़ाऊ पोलकी के बेहतरीन डिजाइन शामिल थे। मेल और फीमेल मॉडल्स ने सोजतिया ज्वेलर्स की वर्कशॉप में निर्मित आभूषण पहनकर रैंप पर अद्भुत प्रस्तुति दी। इस राउंड के शो-स्टॉपर डॉ. ध्रुव सोजतिया और साक्षी सोजतिया रहे।

इस आयोजन की विशेष शोभा एलिट मिस इंडिया ऐंजल सेन और मिस राइजिंग स्टार पायल खंडेरवाल ने बढ़ाई। शो डायरेक्टर एवं फैशन डिजाइनर गगन कुमार ने अपनी रचनात्मकता और पेशेवर अंदाज से पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया।

डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने कहा कि उदयपुर में इस तरह का ज्वेलरी फैशन शो संभवत: पहली बार हुआ है।

ऐसे आयोजन से ग्राहकों को यह समझने में आसानी होती है कि किस अवसर पर कौन-सी ज्वेलरी अधिक उपयुक्त रहेगी। उन्होंने उदयपुर की जनता से मिले अपार स्नेह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन की सफलता में ग्राहकों का विशेष योगदान है।

# अणुव्रत क्रियेटिविटी कॉन्टेस्ट-2025 आयोजित, 50 से अधिक स्कूलों की भागीदारी

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स )।** अणुव्रत क्रियेटिविटी कॉन्टेस्ट-2025 का आयोजन उदयपुर में तेरापंथ सभा भवन, नाइयों की तलाई में हुआ। यह कार्यक्रम जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के तत्वावधान और अणुव्रत समिति उदयपुर द्वारा आयोजित किया गया। इस वर्ष के राष्ट्रव्यापी अभियान का विषय संविधान की धार, मर्यादाओं का हो आधार निर्धारित किया गया। समिति की प्रणिता तलेसरा ने बताया कि जिले के 50 से अधिक स्कूलों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिताएं कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्गों में विभाजित थीं, जिनमें गायन, चित्रकला, भाषण, कविता और निबंध जैसी श्रेणियां शामिल थीं। गायन प्रतियोगिता में सेंट्रल पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सेंट्रल अकैडमी सेक्टर-3 द्वितीय और स्टेप बाय स्टेप तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में स्कॉलर्स एरीना आरके पुरम प्रथम, स्कॉलर्स एरीना स्वामी नगर द्वितीय और सेंट्रल अकैडमी सेक्टर-5 तृतीय रहे। भाषण प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग से सेंट्रल अकैडमी सेक्टर-5 प्रथम, दिगंबर जैन बालिका स्कूल द्वितीय और स्कॉलर एरीना स्वामी नगर तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में आलोक पंचवटी ने प्रथम, महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल पुलिस लाइन ने द्वितीय और सेंट्रल अकैडमी सेक्टर-5 ने तृतीय स्थान हासिल किया। समूह गान प्रतियोगिता में सेंट्रल अकैडमी सेक्टर-3 प्रथम, सेंट्रल अकैडमी सेक्टर-4 द्वितीय और सेंट्रल पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में सेंट्रल अकैडमी सेक्टर-3 प्रथम, स्कॉलर एरीना आरके पुरम द्वितीय और आलोक पंचवटी तृतीय रहे। वरिष्ठ वर्ग की कविता प्रतियोगिता में दिगंबर जैन स्कूल ने प्रथम, स्कॉलर एरीना आरके पुरम ने द्वितीय और स्कॉलर एरीना स्वामी नगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में तुलसी निकेतन स्कूल प्रथम, स्कॉलर एरीना आरके पुरम द्वितीय और सेंट्रल अकैडमी सेक्टर-3 तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में दीपा साबला, एकरथ पुरोहित शर्मा, डॉ. पुष्पा कोठारी, पूर्णिमा बोकाडिया, डॉ. विजयलक्ष्मी नानावटी और डॉ. रेनू सिरोही शामिल थे।

# साल भर से बंद पड़ा हेडपंप, पानी को तरस रहे लोग

## प्रशासन की अनदेखी से नाराज़ हैं स्थानीय निवासी, कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई मरम्मत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। आगरा रोड स्थित विजयपुरा विकास नगर सी क्षेत्र के लोगों को पिछले सालभर से पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है तथा कॉलोनीवासियों द्वारा निजी पैसों से पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं समिति के अध्यक्ष राकेश मैहलूनी ने बताया कि एक ओर तो सरकार हर घर जल योजना की बात करती है, और दूसरी ओर ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। कॉलोनी में स्थित एकमात्र हेडपंप बीते एक वर्ष से खराब पड़ा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कई बार प्रशासन को व जनप्रतिनिधियों को लिखित और मौखिक शिकायतें देने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है। कॉलोनी वासियों को कहना है कि समय पर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा।



# अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय का रामाज परिवार ने किया स्वागत





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक श्री इंद्रेश उपाध्याय जी के सात दिवसीय भक्तमाली कथा का जयपुर में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर रामाज परिवार की ओर से उन्हें माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया तथा हाथ की कढ़ाई से बनी भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की गई। कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। स्वागत समारोह में बागेश्वर धाम से पधारे आचार्य रोहित रिछारिया, लोकेश अग्रवाल, मोहित टेलर, सोहित टेलर, अभिषेक गुप्ता, मंजू टेलर, निधि टेलर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सैनी समाज की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण और परिचय सम्मेलन 24 अगस्त को



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** स्थानीय सैनी सभा भवन नंबर एक में सैनी सभा संस्था के अध्यक्ष रामसिंह सैनी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की एक बैठक हुई ।इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह और परिचय सम्मेलन 24 अगस्त 2025 रविवार को आयोजित किया जाएगा ।सभी कार्यकारणी के सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदार सोपी ।यह कार्यक्रम सैनी सभा भवन नंबर एक में सुबह 10:00 बजे से शुरू होगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी, पूर्व उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल, सचिव योगेश सैनी, अरुण सैनी (नगर अध्यक्ष),कृष्ण कारोड़िया (पार्षद),पत्रकार बिल्लूराम सैनी, उदय तोदवाल,दयाराम सैनी (भगत जी),एडवोकेट विजय सैनी,सुगन चंद सैनी,मोहनलाल सैनी,अंकित सैनी, कृष्ण सैनी, दिनेश सैनी,और नरेश सैनी सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पुलिस अधिकारियों की अपराध गोष्ठी का आयोजन

ढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में जिले के पुलिस अधिकारियों की अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई द्वारा आपराधिक आंकड़ों का गत वर्ष से तुलना करते हुये लोकल एवं स्पेशल एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही में वृद्धि करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात प्रबन्धन करने, मोटर व्हीकल एक्ट में प्रवर्तन की कार्यवाही करने, आपराधिक प्रवृति के बदमाशान के विरूद्ध गुण्डा एक्ट, राजपासा की कार्यवाही करने व सक्रिय अपराधियों, हार्डकोर अपराधी, एच.एस. के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने, लम्बे समय से लम्बित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने, अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु अधिकाधिक निरोधात्मक कार्यवाही कार्यवाही करने, पोक्सो, बलात्कार, महिला अत्याचार व एस.सी./एस.टी. के अन्तर्गत दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर दो माह की अवधि में निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। थाने पर पैंडिंग चालान/एफ. आर. शीघ्र न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिये गये। विभिन्न अपराधिक प्रकरणों में वांछित अपराधियों स्थाई वारन्टियों, उद्घोषित अपराधियों, ईनामी संगठित अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। चोरी/नकबजनी की वारदातों पर अंकुश लगाने हेतु मुख्य बाजार, मुख्य चौराहे, बैंक, एटीएम, धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, बढ़ते नशे की प्रवृति की रोकथाम हेतु सघन चैकिंग व कार्यवाही करने, न्यायालय से प्राप्त सम्मन/वारन्ट/नोटिसों को समय पर तामील करवाने एवं साईबर अपराधों के संबंध में आमजन को जागरूक व सचेत कर साईबर अपराधों में कमी लाने के निर्देश दिये गये। आसूचना तंत्र को मजबूत करने व समय पर सूचनायें उच्चाधिकारियों को देने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये। आमजन के साथ मधुर व्यवहार करने व उनकी समस्याओं का निराकरण करने व पुलिस व्यवहार व कार्य प्रणाली में पारदर्शिता रखने आदि के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

# जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी के जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्व राज्य मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी के जन्मदिवस पर बुधवार को ग्राम चतुर्भुज स्थित श्री ध्यान जी गौशाला में गौ सेवा की गई। वहीं गोकुल सरोवर मंदिर में सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश मित्तल, एड. जे पी कोटिया, राजवीर गुर्जर, अतुल गर्ग, रोहिताश सैनी, कमल पंडित, ज्ञानी राजपूत, प्रवीण कुमार एवं श्रीराम सेना के कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बरोल प.स. मालपुरा - टोंक

क्रमांक – पसमा / लेखा/2025----26/22 दिनांक :- 20/8/25

**ई निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचायत समिति मालपुरा की अधीनस्थ ग्राम पंचायत बरोल में महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज की विभिन्न योजनाओं में वर्ष 2025--26 मे कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर निर्माण सामग्री आपूर्ति, हैण्डप□प/ट्युबवेल रिपेयरिंग पार्टस आपूर्ति अन्य कार्य एवं उपकरण किराये पर लेने हेतु वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में पंजीकृत, विक्रेताओं/ निविदा दाताओं से वार्षिक दर संविदा के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑनलाइन निविदायें दिनांक 19.08.2025 को प्रात: 10 बजे से दिनांक 28.06.2025 को सायं 06 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा स□बन्धी विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवम www.eproc.rajasthan. gov.in अथवा संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय पर देखा जा सकता हैं।

NIB code ZTN2526A0617
UBN Code ZTN2526GLOB00656

**प्रशासक / ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बरोल प.स. मालपुरा**

## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, देवली (टोंक-राज.)

क्रमांक :- कृ.उ.म.स.दे./मण्डी निविदा/2024-25/479 - 85 दिनांक :- 18/08/2025

**खुली निविदा-सूचना सं. 01/2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कृषि उपज मण्डी समिति, देवली एवं गौण मण्डी प्रांगण, जहाजपुर में वित्तीय वर्ष 2025–26 (कार्यादेश दिनांक से 01 वर्ष तक) की निम्न सुविधा मदों हेतु (क्र.सं. 1 से 5) खुली द्विकर्मी बोली पद्धति के माध्यम से अनुभवी, सुस्थापित व पंजीकृत फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | मदों का नाम | अनुमानित राशि (लाखों में) | निविदा शुल्क राशि (रु. में) | निविदा प्रतिभूति राशि (रु. में) | निविदा फार्म विक्रय करने की तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलवाहक व्यवस्था ठेका DAM2526SSOB00676 | 6.50 | 590/– | 13000 | 19.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे से 28.08.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक | 28.08.2025 को सांय 4.00 बजे तक | 29.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे |
| 2 | जल आपूर्ति ठेका (टेंकर सप्लाई) DAM2526WSOB00679 | 4.00 | 590/– | 8000 | | | |
| 3 | सफाईकर्मी उपलब्ध करवाने तथा एकत्रित कचरे को ट्रेक्टर–ट्रॉली/डम्पर से उठवाकर मण्डी प्रांगण से बाहर डालने के संयुक्त कार्य का ठेका। DAM2526SSOB00680 | 6.50 | 590/– | 13000 | | | |
| 4 | मानव संसाधन विद्युत व्यवस्था मुख्य मण्डी व गौण मण्डी कार्य DAM2526SSOB00681 | 1.50 | 236 | 3000 | | | |
| 5 | मानव संसाधन बागवानी कार्य DAM2526SSOB00682 | 1.50 | 236 | 3000 | | | |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** व विभागीय पोर्टल **agriculture.rajasthan.gov.in/mandi/** पर भी देखा जा सकता है। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड़ करने पर निविदा प्रपत्र का मूल्य दिनांक 28/08/2025 को सांय 04:00 बजे तक कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा एंव निविदा प्रतिभूति राशि के डी.डी./बैंकर्स चैक जो कि सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, देवली के नाम से देय हो निविदा के साथ निर्धारित दिनांक व समय तक कार्यालय में प्रस्तुत करवायी जानी अनिवार्य होगी, सलंग्न नही किये जाने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

**राज.संवाद/सी/25/8448** **प्रशासक** **सचिव**

## कार्यालय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)

क्रमांक :- न.पा.मा. / 2025-26/ दिनांक :-

**सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रमेश पुत्र प्रकाश जाति बैरवा निवासी देशमा तहसील मालपुरा जिला टोंक (राज.) द्वारा वाके ग्राम हाथगी पटवार हाल्का राजपुरा तहसील मालपुरा में अनुमोदित प्रस्तावित फार्म हाउस जो कि आराजी खसरा नम्बर 1270/7 रकबा 6:08 बीघा वाके ग्राम हाथगी तहसील मालपुरा में स्थित है का निम्न व्यक्ति के नाम से पट्टा चाहने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो कि निम्न है :-

| क्र.सं. | नाम व पता | प्लाट नम्बर | कुल साईज | नाम वर्गमीटर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सारू देवी पत्नि जगदीश प्रसाद जाट जाति जाट निवासी हाथगी तहसील मालपुरा जिला टोंक | --- | 19360.00 | 19360.00 |

अतः उक्त में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या उज्र हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में निम्न हस्ताक्षर कर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजर जाने मियाद किसी का कोई उज्ज या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहें।

**अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मालपुरा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत धौली प.स. मालपुरा – टोंक

क्रमांक :- पसमा / लेखा/2025-26/ दिनांक -

**ई निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचायत समिति मालपुरा की अधीनस्थ ग्राम पंचायत धौली के समस्त क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर-घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी कार्यालयो से कचरा संग्रहण, पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली, नाले की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई एवं मृत पशु निस्तारण कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 19.08.2025 को प्रात: 10 बजे से 28.08.2025 को सांय 06 बजे तक ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in www.eproc.rajasthan. gov.in अथवा संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय पर देखा जा सकता हैं। एवम

NIB code ZTN2526A0613
UBN Code ZTN2526 WSOB00652

**प्रशासक / ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत धौली प.स. मालपुरा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत झाडली प.स. मालपुरा - टोंक -

क्रमांक – पसमा / लेखा/2025-26/ दिनांक –

**ई निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचायत समिति मालपुरा की अधीनस्थ ग्राम पंचायत झाडली के समस्त क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर-घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी कार्यालयो से कचरा संग्रहण, पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली, नाले की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई एवं मृत पशु निस्तारण कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 19.08.2025 को प्रात: 10 बजे से 28.08.2025 को सांय 06 बजे तक ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in www.eproc.rajasthan. gov.in अथवा संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय पर देखा जा सकता हैं। एवम

NIB code ZTN2526A0614
UBN Code ZTN2526WSOB00653

**प्रशासक / ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत झाडली प.स. मालपुरा**

## कार्यालय बायो पेस्टीसाइड व बायो एजेन्ट्स इन्टीग्रेटेड लैब, टोंक

**फार्म बाग, बम्बोर गेट, टोक,** Pin Cod-304001, Email ID-DD.BPBAIL.TON.AGRI@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांकः प.() उ.नि.कृ.(पौ. व्याधि) / स्था0/2025-26/235-39 दिनांक 12.08.2025

**खुली निविदा सूचना संख्या-02/2025-26**

NIB No.AGR2526A0335

कार्यालय में संचालित प्रयोगशाला में बायोएजेन्ट निर्माण हेतु प्रयोगशाला उपकरण एवं रसायन सामग्री कय करने के लिये उक्त सामग्री प्रदाय करने वाले इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्मों / अधिकृत डीलर्स / प्रतिष्ठित पंजीकृत फर्मो से दो लिफाफा (तकनीकी एवं वि□ीय) पद्धति अनुसार दर संविदा के लिये सील बन्द निविदायें निर्धारित प्रपत्र में नि□ानुसार आमंत्रित की जाती है ...

| क0 स0 | कय की जाने वाली सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) | अमानत राशि रू0 | निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | UBN न□बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रयोगशाला में बायोएजेन्ट निर्माणहेतु ऑटो□लेव ) (इले□ट्रकल एवं अन्य ग्लासवेयर उपकरण का कय | 9.00 | 18,000 | 200 | 22.08.2025 को अपराह्न 01.00 बजे तक | AGR2526GSRC00377 |
| 2. | प्रयोगशाला में बायोएजेन्ट निर्माण हेतु प्रयोगशाला रसायन का क्रय | 5.00 | 10,000 | 200 | 22.08.2025 को अपराह्न 01.00 बजे तक | AGR2526GSRC00378 |

तकनीकी निविदा दिनांक 22.08.2025 को अपराह्न 03.00 बजे खोली जावेगी। निविदा संबंधी विवरण, शर्तें एवं निविदा प्रपत्र SPPP पोर्टल (http://sppp.rajasthan.gov.in) पर भी देखे जा सकते है।

**उप निदेशक कृषि ( पौध व्याधि ). बायो पेस्टीसाईड व बायो एजेन्टस इन्टीग्रेटेड लैब, टोंक**

## सम्पादकीय

# टोल नाके पर जाम और लंबी कतारें, क्या सरकार वाकई सफर बना पा रही है आसान?

सुविधा ही जब समस्या बन जाए तो उसका निराकरण नितांत आवश्यक हो जाता है। मसला जब सार्वजनिक हित से जुड़ा हो तो उसका महत्त्व और भी गहरा हो जाता है। देश भर में टोल शुल्क की वसूली का मकसद आम लोगों के लिए सफर को आसान और सुगम बनाना बताया जाता है। मगर, लोगों को इन जगहों पर यदि घंटों जाम की समस्या से जूझना पड़े तो शुल्क वसूलने के औचित्य पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

ऐसे ही एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि अगर किसी व्यक्ति को पैंसठ किलोमीटर लंबे राजमार्ग को तय करने में बारह घंटे लगते हैं, तो उस यात्री को टोल शुल्क का भुगतान करने के लिए क्यों कहा जाए। यानी जिस दूरी को पार करने में तकरीबन एक घंटे का समय लगता हो, उसमें ग्यारह घंटे अतिरिक्त लग जाएं तो ऐसी सुविधा के नाम पर शुल्क की वसूली क्यों होनी चाहिए? यह मामला तो एक बानगी है, देश भर में न जाने कितने लोगों को रोजाना शुल्क का भुगतान करने के बावजूद इस तरह की समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। असल में जब किसी सड़क मार्ग पर टोल शुल्क की वसूली शुरू होती है तो यात्रियों को यह विश्वास होता है कि उनका सफर सुविधाजनक होगा। मगर, सुचारु यातायात प्रवाह बनाए रखने में विफलता से जन विश्वास भी डगमगाने लगता है। नियमानुसार, जो कंपनी टोल शुल्क की वसूली करती है, संबंधित सड़क मार्ग की देखभाल और निर्बाध यातायात की व्यवस्था करना भी उसी की जिम्मेदारी होती है। शीर्ष अदालत पहुंचा संबंधित मामला केरल के त्रिशूर से जुड़ा हुआ है। उच्च न्यायालय ने छह अगस्त को राष्ट्रीय राजमार्ग 544 के एडापल्ली-मन्नुथी खंड की खराब स्थिति और निर्माण कार्यों के कारण लगने वाले यातायात जाम के आधार पर टोल शुल्क के निलंबन का आदेश दिया था। दरअसल, उच्च न्यायालय ने कहा था कि जब राष्ट्रीय राजमार्ग का रखरखाव ठीक से नहीं हो रहा है और यातायात जाम बहुत अधिक है, तो वाहन चालकों से टोल शुल्क नहीं वसूला जा सकता। हालांकि, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से टोल शुल्क वसूली को लेकर कई तरह के नियम बनाए गए हैं, जिनमें टोल नाके पर वाहन के रुकने की समय सीमा भी निर्धारित है। यानी उस समय सीमा के भीतर ही किसी एक वाहन से शुल्क लेने की प्रक्रिया पूरी करनी होती है। मगर, ज्यादातर जगहों पर इन नियमों का पूरी तरह पालन नहीं हो पाता है। यही वजह है कि आए दिन टोल नाकों पर यात्रियों और टोल कर्मियों के बीच विवाद एवं मारपीट की खबरें आती रहती हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौट रहे एक सैन्यकर्मी की कार टोल नाके की लंबी कतार में फंस गई और टोल कर्मचारियों से जाम हटाने को कहने पर उसके साथ मारपीट की गई। यहीं नहीं, कई बार जल्दबाजी में या अन्य किसी वजह से ज्यादा शुल्क कट जाने पर संबंधित यात्री को शेष पैसे वापस लेने के लिए बैंक की जटिल प्रक्रिया से जूझना पड़ता है। टोल नाकों पर जाम की स्थिति से छुटकारा दिलाने के लिए सरकार ने फास्टैग की व्यवस्था भी लागू की है, इसके बावजूद कई जगह वाहनों की लंबी कतारें अक्सर देखी जा सकती हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि टोल वसूलने वाली जगहों और संबंधित कंपनियों के लिए नियमों को कड़ाई से लागू करे, ताकि यात्रियों के लिए सफर वास्तव में सुविधाजनक बन सके।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 21 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्कॉटलैंड में 1689 को डंकल्ड का युद्ध हुआ।
- तुर्की और वेनिस के बीच 1718 में शांति संधि हुई।
- स्वीडन में 1772 को गुस्ताव तृतीय ने 50 वर्ष पुराने संसद के शासन को समाप्त कर तानाशाही स्थापित की।
- जनरल मेडोस के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने 1790 में डिंडिगुल पर कब्जा जमाया।
- तस्मानिया के शहर होबर्ट की स्थापना 1842 में हुई।
- पहले विश्व युद्ध के दौरान इटली ने 1915 में तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- इटली के हाई स्कूलों में यहूदी शिक्षकों पर 1938 को प्रतिबंध लगा।
- अमरीका, ब्रिटेन, रूस और चीन के प्रतिनिधियों ने 1944 में संयुक्त राष्ट्र के संगठन की योजनाओं को लेकर मुलाकात की
- हवाई 1959 में अमेरिका का 50वां प्रांत बना।
- बुद्ध मंदिर पैगोडा में छापे के विरोध में दक्षिण वियतनाम में मार्शल लॉ की घोषणा 1963 में की गई।
- यूरोपीय देश रोमानिया में संविधान को 1965 में अंगीकार किया गया।
- चेकोस्लोवाकिया के स्थानीय रेडियो द्वारा पराग्वे पर 1968 को सोवियत संघ के नेतृत्व में हमले की घोषणा की गई।
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम संसद में 1972 को पारित।
- फिलीपींस के विपक्षी नेता बेनिग्नो एस। एक्विनो की 1983 में स्वैच्छिक निर्वासन के पश्चात् वापसी, भूमि पर क़दम रखते ही गोली मारकर उनकी हत्या।
- कैमरुन में 1986 को ज्वालामुखी विस्फोट से निकली जहरीली गैस के कारण लगभग हजारों लोगों की मौत हो गई।
- भारत नेपाल सीमा पर 1988 को आये तीव्र भूकंप से एक हज़ार लोगों की मौत।
- सोवियत संघ में 1991 को राष्ट्रपति गोर्बाचोव अपदस्थ, मास्को में कर्फ़्यू, क्रान्ति विफल एवं गोर्बाचोव पुनः सत्ता में।
- लातविया ने 1991 में संयुक्त सोवियत संघ रूस से अलग होने की घोषणा की।
- राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने 1993 में रूसी संसद भंग किया।
- मार्स आर्ब्जवर के साथ 21 अगस्त 1993 को नासा का सुपर्क टूटा।
- पूर्वी चीन में 1997 को चक्रवाती तूफ़ान विन्नी से 140 लोगों की मौत हुई और तीन हजार लोग घायल हुए।
- दक्षिण-पूर्वी आर्देक प्रान्त में 2000 को लगी आग से 1600 हेक्टेयर क्षेत्र में खड़े वन नष्ट, रूसी पनडुब्बी के सभी 118 सदस्यों के मारे जाने की पुष्टि।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफ़ी अन्नान ने 2003 को इराक में संयुक्त शांति सेना भेजने का प्रस्ताव खारिज किया।
- बांग्लादेश और भारत की सीमा सुरक्षा बल के जवानों के बीच 2005 में संघर्ष विराम का समझौता सम्पन्न।
- इराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने 2006 को नरसंहार ट्रायल में भाग लेने से इन्कार किया।
- श्रीनगर और 'पाक अधीकृत कश्मीर' की राजधानी मुजफ्फराबाद के बीच चलने वाली कारवां-ए-अमन बस सेवा 2008 को पुनः प्रारम्भ।

## विशेष आलेख

# वैश्विक अस्थिरता के माहौल में मोदी की पीएम विकसित भारत रोजगार योजना देगी युवाओं को सबल और बनेगी आर्थिक मजबूती की परिचायक



डॉ. नयन प्रकाश गांधी

ऐसे समय मे जब शहरों और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में महंगाई, अवसरों की कमी और असंगठित रोजगार ने युवा शक्ति के सपनों पर असर डाला है, युवा मैनेजमेंट विश्लेषक पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट ,ग्लोबल एक्सीलेंस फोरम नई दिल्ली के नेशनल प्रेसिडेंट (यूथ अफेयर्स) डॉ नयन प्रकाश गांधी के अनुसार ऐसे विकट काल में वैश्विक अस्थिरता मे लाल किले की प्राचीर से एक सशक्त युवा विकसित भारत के संकल्प के साथ पीएम विकसित भारत रोजगार योजना देश में रोजगार सृजन को एक नई ऊर्जा और देश की आर्थिक धुरी को गति देने वाला मील का पत्थर साबित होगी ,प्रधानमंत्री की मंशा युवाओं को सशक्त ,आत्मनिर्भर और अखंड भारत के विश्व विजेता बनने की और है । भारत में युवा आबादी दुनिया में सबसे बड़ी है, लेकिन बीते वर्षों में नौजवानों के सामने रोजगार एक बड़ी चुनौती रही है। शिक्षा ग्रहण करने के बाद उपयुक्त नौकरी पाना या पहली बार काम शुरू करना अधिकांश युवाओं के लिए कठिन रहा है। 2020 और उसके बाद कोविड-19 महामारी ने भी रोजगार पर संकट पैदा किया, जिससे बड़ी संख्या में शिक्षित युवा बेरोजगार रहे। शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में महंगाई, अवसरों की कमी और असंगठित रोजगार ने युवा शक्ति के सपनों पर असर डाला। नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 2024 तक देश में बेरोजगारी की दर 7त्न के आसपास रही, जबकि कॉलेज से निकलने वाले नये युवाओं को जॉब मार्केट में एडजस्ट करने में समय और कठिनाई का सामना करना पड़ा। रोजगार के पारंपरिक साधन तकनीकी बदलावों के कारण सीमित हो गए, ऐसे में करोड़ों युवाओं को सरकारी मदद, कौशल विकास और उद्योग में समायोजन की आवश्यकता थी।यही पृष्ठभूमि है, जिसमें प्रधानमंत्री ने विकसित भारत रोजगार योजना पोर्टल को लॉन्च किया।प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज विकास और सशक्तीकरण के नए आयाम रच रहा है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में उठाया गया नवीनतम कदम पीएम विकसित भारत रोजगार योजनादेश में रोजगार सृजन को एक नई ऊर्जा और गति देने वाला साबित होगा। यह न सिर्फ युवा पीढ़ी को अपने सपनों को साकार करने का मौका देगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री के अनुसार, इस योजना के तहत लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। सरकार का उद्देश्य है कि 1 अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 तक दो वर्षों के भीतर 3.5 करोड़ से अधिक नई नौकरियां सृजित हों। यह लक्ष्य बड़ी सोच, दूरदृष्टि और मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम है। देश की युवा शक्ति को सम्बल देने और देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में ऊँचा उठाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की सराहना की जानी चाहिए।इस योजना के अंतर्गत सरकार ने पीएम विकसित भारत रोजगार योजना पोर्टल लॉन्च किया है। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से देश के सभी नियोजकों एवं पहली बार




नौकरी करने वाले कर्मचारियों को एक स्थान पर लाया जाएगा, जिससे उन्हें योजना से जुड़ी आवश्यक जानकारी सरलता से उपलब्ध होगी। यह डिजिटलीकरण की दिशा में एक प्रभावी कदम है, जिसके माध्यम से पारदर्शिता, सुविधा और गति को प्राथमिकता दी गई है।सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी नियोजक और पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारी इस योजना के अंतर्गत हैं। इसके लिए कोई भी व्यक्ति पोर्टल पर पंजीकरण कर सकता है या उम्मंग ऐप के माध्यम से अपना-ह्व (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) अपलोड करके प्रोत्साहन लाभ हासिल कर सकता है। डिजिटल इंडिया के विजन के अनुरूप यह पहल न केवल प्रक्रिया को सरल बनाती है, बल्कि भ्रष्टाचार व बिचौलियों की भूमिका भी कम करती है।युवाओं को पहली बार नौकरी मिलने पर प्रोत्साहन देकर सरकार ने उनके हौसले को मजबूत किया है। आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में नए कर्मचारी अक्सर अनुभव की कमी और दिशानिर्देशों के अभाव के कारण परेशान रहते हैं। ऐसे में सरकार द्वारा दिया गया वित्तीय और संस्थागत सहयोग उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा। यह योजना उन युवाओं के लिए एक आशा की किरण है जो उत्तरदायित्व, सम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता की तलाश में हैं।इस योजना के प्रभाव से न केवल शहरी क्षेत्र, बल्कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के युवा भी लाभान्वित होंगे। देश भर में लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा, जिससे उनकी जीवनशैली, सामाजिक स्थिति और आत्मविश्वास में अभूतपूर्व बढ़ोतरी होगी। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कंपनियां और उद्योग भी सरकार के सहयोग से अपने कार्यबल को बढ़ा सकेंगे। युवा मैनेजमेंट विश्लेषक,पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट एलुमनाई आईआईपीएस मुंबई डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री की यह पहल सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि नवाचार और बदलाव का प्रतीक है। इसमें रोजगार सृजन, डिजिटल सुगमता, पारदर्शिता, और उद्योग-व्यापार को साथ जोड़कर एक समग्र सिस्टम बनाया गया है। इससे आने वाले वर्षों में भारत आर्थिक दृष्टि से और मजबूत बनेगा, वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी भूमिका निभाएगा और युवा शक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# लोकप्रियता नहीं, आदर्श ही जीवन की दिशा तय करते हैं

**फॉलो करना केवल सोशल मीडिया पर बटन दबाना नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन की दिशा तय करता है। करोड़ों लोग किसी को फॉलो करें, इसका अर्थ यह नहीं कि वह सच्चा आदर्श है। पान-गुटखा बेचने वाला खुद गुटखा नहीं खाता, यही दिखावे और सच्चाई का अंतर है। असली प्रेरणा हमें शहीदों, महापुरुषों और भारतीय संस्कृति से लेनी चाहिए, क्योंकि वही हमारे जीवन को सार्थक बनाते हैं। सोच-समझकर फॉलो कीजिए, क्योंकि आपका चयन ही आने वाली पीढ़ियों का रास्ता तय करेगा।**



डॉ सत्यवान सौरभ

आज का युग सोशल मीडिया का युग है। यहाँ हर व्यक्ति कहीं न कहीं किसी का फॉलोवर है और किसी न किसी का आदर्श चुनता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि आखिर हम किसे फॉलो कर रहे हैं और क्यों कर रहे हैं। करोड़ों फॉलोअर्स वाले लोग अक्सर केवल एक या दो को ही फॉलो करते हैं। यह संकेत देता है कि असली प्रेरणा संख्याओं से नहीं बल्कि चयन से आती है। जैसे पान-गुटखा बेचने वाला व्यक्ति विज्ञापन में लाखों लोगों को खाने की प्रेरणा देता है, लेकिन खुद उस ज़हर को नहीं छूता। इसका अर्थ यही है कि जो सामने दिख रहा है, वही सच्चाई नहीं होता। जो हमें प्रेरणा देने का दावा करते हैं, उनके जीवन में वही मूल्य हों, यह ज़रूरी नहीं।

हमारे समाज में फॉलो करने की संस्कृति नई नहीं है। पहले के समय में लोग गुरुओं को, विचारधारा को या अपने आदर्श नायकों को फॉलो करते थे। परन्तु तब यह चयन गहरी समझ और अनुभव के आधार पर होता था। आज की डिजिटल दुनिया में यह चयन अक्सर केवल बाहरी चमक-दमक, लोकप्रियता, दिखावटी लाइफ़स्टाइल और आकर्षण पर आधारित हो गया है। लाखों की भीड़ किसी व्यक्ति को फॉलो करती है, लेकिन यह नहीं सोचती कि वह व्यक्ति वास्तव में समाज को क्या दे रहा है। क्या उसका जीवन दूसरों के लिए उदाहरण है, या केवल मनोरंजन और व्यर्थ का समय खर्च करने का साधन। यही सबसे बड़ा प्रश्न है जिस पर हर व्यक्ति को विचार करना चाहिए। हमारे शहीदों और महापुरुषों ने कभी भी लोकप्रियता के लिए त्याग नहीं किया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खाँ जैसे वीरों ने अपने जीवन का हर क्षण देश के लिए समर्पित किया। उन्होंने कभी यह नहीं सोचा कि उन्हें कितने लोग फॉलो कर रहे हैं, बल्कि उनका ध्यान केवल इस पर था कि उनकी प्रेरणा से कितने लोग सही मार्ग पर चलें। उनके आदर्श ही असली प्रेरणा हैं जिन्हें हमें फॉलो करना चाहिए। आज सोशल मीडिया पर सितारे अपनी फिल्मों, फैशन या जीवनशैली से करोड़ों फॉलोवर बटोरते हैं। मगर क्या उनकी चमक हमारे जीवन की अंधेरियों को मिटा सकती है? क्या उनकी जीवनशैली को फॉलो करना हमारे लिए व्यावहारिक है? क्या उनका दिखाया गया रास्ता हमारे भविष्य को सुरक्षित कर सकता है? शायद नहीं। क्योंकि जो व्यक्ति अपने जीवन में आराम, विलासिता और दिखावे को ही सर्वोपरि मानता है, वह आम आदमी के संघर्षों को कभी समझ ही नहीं सकता। उनके संदेश हमारे जीवन को दिशा नहीं दे सकते, केवल मनोरंजन भर कर सकते हैं।

इसके उलट हमारी संस्कृति हजारों वर्षों से हमें सिखाती रही है कि असली आदर्श वही है जो हमारे जीवन को उपयोगी दिशा दे। गीता का संदेश केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के हर संघर्ष में हमें प्रेरणा देता है। उपनिषद हमें ज्ञान की ओर ले जाते हैं, विवेकानंद हमें आत्मविश्वास देते हैं, गांधी हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं, डॉ. भीमराव अंबेडकर हमें समानता और अधिकारों का बोध कराते हैं। यह सभी व्यक्तित्व ऐसे हैं जिनका अनुसरण करना न केवल हमारे लिए बल्कि पूरे समाज के लिए लाभकारी है।

## सेवा की सज़ा — बढ़ता राजस्थान

इसमें दो राय नहीं कि जब भी मूल रूप से जेल की अवधारणा का विकास हुआ होगा, तो उसका मकसद भटके लोगों के जीवन में सुधार ही रहा होगा। किसी सभ्य समाज के कायदे-कानून तोड़ने वाले, भटके हुए लोगों को जेल के एकाकी जीवन में आत्ममंथन का समय देने का भी मकसद रहा होगा। साथ ही यह भी अहसास कराना होगा कि समाज से विलग रहने के क्या मायने हैं। वहीं दूसरी ओर जीवन मूल्यों व सामाजिकता का अहसास कराना भी मकसद रहा होगा। दरअसल, भारतीय न्याय संहिता, 2023 पर आधारित नई व्यवस्था छोटे अपराधों के लिए दोषियों को जेल भेजने के बजाय समाज सेवा करने का अवसर देती है। ताकि उन्हें अपनी गलती का अहसास हो और उत्तरदायित्व के साथ सामाजिकता का बोध हो सके। हरियाणा सरकार द्वारा जारी सामुदायिक सेवा दिशानिर्देश, 2025 की अधिसूचना आपराधिक न्यायिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। जिसका लक्ष्य दंड देने के बजाय सुधार व बदलाव है। ऐसे समय में जब देश की जेलें कैदियों की निर्धारित संख्या से कहीं अधिक बोझ उठा रही हैं। विचाराधीन कैदियों की संख्या 76 फीसदी से अधिक है, राज्य की यह पहल कम जोखिम वाले अपराधियों के लिये कारावास का सकारात्मक विकल्प प्रदान करती है। निस्संदेह, इस पहल का दायरा व्यापक होने के साथ ही उद्देश्यपूर्ण भी है। यह व्यवस्था कम संगीन अपराधों के लिये दोषियों को पार्कों के रखरखाव, अस्पतालों में मरीजों की सहायता करने, आंगनबाड़ियों में योगदान देने, ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, स्वच्छ भारत तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे राष्ट्रीय अभियानों में योगदान के लिये प्रेरित करती है। इस बाबत जारी दिशा-निर्देश किशोरों के लिये भी भूमिकाएं निर्धारित करते हैं। मसलन, नेशनल कैडिट कोर प्रशिक्षण, राष्ट्रीय सेवा योजना, पर्यावरण परियोजनाएं तथा महिलाओं के लिये प्रसूति वार्ड व शिशु देखभाल केंद्र जैसे सुरक्षित स्थानों पर सेवा करने का अवसर प्रदान करती है। निश्चय ही नई व्यवस्था जहां एक ओर अपराधियों को उनके अपराध का प्रायश्चित करने का अवसर प्रदान करती है, वहीं समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देती है। दरअसल, हरियाणा मॉडल के तहत की जाने वाली पहल, उसे अन्य राज्यों के प्रयासों से विशिष्टता प्रदान करती है। जैसे कि दिल्ली में 40 से 240 घंटे की सेवा निर्धारित करने वाली नीति से अलग, इसके परिचालन का विवरण, इसे विश्वसनीय बनाता है।

इसके अंतर्गत बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो-टैग की गई तस्वीरें, वीडियो प्रमाण और प्रगति रिपोर्टिंग सत्यापन इसकी सार्थकता सुनिश्चित करती है। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को गौशालाओं और वृद्धाश्रमों में सेवा करने की सजा और जम्मू की एक अदालत द्वारा अपराधियों को स्वास्थ्य केंद्र और पार्क की सफाई करने के लिये बाध्य करने का आदेश यह दर्शाता है कि सामुदायिक सेवा समाज को लाभ पहुंचाने के साथ ही भटके व्यक्ति के व्यवहार को कैसे नया रूप दे सकती है। निस्संदेह, इस सुधार अभियान को सफल बनाने के लिये सुरक्षा उपाय भी बेहद जरूरी हैं। इस बात में सावधानी बरती जानी चाहिए कि समाज में बार-बार अपराध करने वालों को इस व्यवस्था से बाहर रखा जाए।

## Today — बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| 8 | 5 | | | 9 | | 1 | 7 | |
| 9 | | | | 8 | | 6 | | |
| | 3 | 8 | 9 | | | 4 | | |
| 1 | 4 | | 8 | | 3 | | 2 | 6 |
| | | | 1 | | 7 | | 3 | 5 |
| 4 | 8 | | 7 | | | | | |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 5 | | | 9 |
| | 9 | | | 2 | | | | |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 8 | 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 7 | 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 4 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे। लंबी यात्रा होगी। विदेश से समाचार

**वृष**

शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा।

**मिथुन**

आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

**कर्क**

आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है।

**सिंह**

पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा। मौज-शौक और

**कन्या**

अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

**तुला**

अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे।

**वृश्चिक**

परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है।

**धनु**

निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा। ऑफिस तथा काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

**मकर**

कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है।

**कुंभ**

सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात तथा काम में सफलता का योग है। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। दांपत्य जीवन में विशेष मधुरता रहेगी।

**मीन**

आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है।

# तहसीलदार और अधिवक्ताओं में झड़प 12 से ज्यादा वकीलों पर एफआईआर

## वहीं मांगों को लेकर अधिवक्ता कार्य बहिष्कार पर रहे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** दौसा जिले के के लालसोट में तहसीलदार अमितेश मीणा और वकीलों के बीच मंगलवार दोपहर हुए विवाद ने देर रात गंभीर रूप ले लिया। तहसीलदार सहित राजस्वकर्मियों की मांग पर रात करीब 10.30 बजे 12 से ज्यादा अधिवक्ताओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई। बुधवार दोपहर को आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर राजस्वकर्मियों ने कार्य बहिष्कार किया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। वहीं बार एसोसिएशन ने भी कार्य बहिष्कार किया। थाने में परिवाद देकर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है।

### वकीलों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार

वकीलों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर तहसीलदार सहित राजस्व कर्मियों ने उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीणा को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही संपूर्ण राजस्थान में तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व कर्मियों ने कार्य का बहिष्कार किया है। वहीं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम स्वरूप लामडा के नेतृत्व में बुधवार दोपहर लालसोट थाने में परिवाद देकर मामला दर्ज करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि तहसीलदार को सस्पेंड कर ट्रांसफर करने समेत मांगें पूरी नहीं होने तक कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

### पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप, धरने पर बैठे राजस्व कर्मी

बता दें, लालसोट तहसील कार्यालय में मंगलवार दोपहर 3.30 बजे जमकर हंगामा हुआ। वकील नारेबाजी करते हुए तहसीलदार के चैंबर में घुसे। आरोप है कि वकीलों ने तहसील ऑफिस में घुसकर तहसीलदार के साथ मारपीट की। इधर, वकीलों ने भी तहसीलदार पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। तहसीलदार अमितेश मीणा राजस्व कर्मियों के साथ थाने रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर तहसीलदार अन्य कर्मियों के साथ लालसोट थाने के बाहर धरने पर बैठ गए।

### पांच घंटे बाद मामला दर्ज हुआ

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश अग्रवाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मनमोहन मीणा, उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीणा सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे और समझाइश का प्रयास भी किया। हालांकि तहसीलदार और राजस्वकर्मी रिपोर्ट दर्ज करवाने की मांग पर अड़े रहे। करीब साढ़े पांच घंटे बाद रात 10.30 बजे बार एसोसिएशन अध्यक्ष सहित एक दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई।

एएसपी दिनेश अग्रवाल ने बताया कि तहसीलदार अमितेश मीणा की ओर से उनके चेंबर में हुए घटनाक्रम को लेकर प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इसमें मारपीट, राजकार्य में बाधा, एससी-एसटी एक्ट सहित कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। मामले की जांच लालसोट डीएसपी को सौंपी गई है।



तहसीलदार अमितेश मीणा ने कहा कि मंगलवार दोपहर 3 बजकर 40 मिनट के करीब में अपने ऑफिस में बैठा हुआ था। मेरे साथ कुछ किसान भी थे। इस दौरान बार संघ के अध्यक्ष प्रेम स्वरूप लामडा वकीलों के साथ में मेरे चैंबर में घुसे। ये सभी लोग नारेबाजी करते हुए आ रहे थे। आते ही उन्होंने मेरे साथ छीना झपटी और मारपीट शुरू कर दी। मैंने वीडियो बनाने की कोशिश की तो एडवोकेट अशोक चौधरी ने मेरा मोबाइल छीन लिया। मेरी टेबल पर जो सामान रखा था उसे नीचे बिखेर दिया। दस्तावेजों को फाड़ दिया। मेरा स्टाफ बचाने के लिए आया तो उनके साथ मारपीट की। मोबाइल छीन लिए, कपड़े फाड़ दिए। पूरा बार संघ यहां था। पीछे के गेट से निकलकर मैंने अपनी जान बचाई। उच्चाधिकारियों को मैंने सूचना दे दी है।

### एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम स्वरूप लामडा ने कहा-

हमारे दो वकीलों ने एसडीएम कोर्ट से स्टे जारी करवाया था। आदेश को लेकर अपने क्लाइंट के साथ वे तहसीलदार के ऑफिस में गए थे। तहसीलदार ने कार्रवाई करने से मना कर दिया। तहसीलदार का इरादा दूसरा था। तहसीलदार की तरफ से पैसे मांगे गए। हमारे वकीलों ने पैसा देने से इनकार कर दिया। इसके बाद तहसीलदार ने गार्ड से धक्के दिलाकर वकीलों को बाहर निकलवाया।

## जिले में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाया जाएगा उर्वरक

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देशित किया है कि खरीफ सीजन के लिए किसानों को उर्वरक का पर्याप्त वितरण सुनिश्चित किया जाए। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि खरीफ सीजन के लिए ( 1 अप्रेल से 30 सितम्बर 2025 ) तक यूरिया की कुल मांग 30 हजार मैट्रिक टन थी,जिसकी तुलना में 17 अगस्त तक 30 हजार 643 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ है, जिसमें से 23 हजार 217 मैट्रिक टन यूरिया विक्रय हो चुका है एवं 7 हजार425 मैट्रिक टन यूरिया खुदरा विक्रेताओं के पास उपलब्ध है। यूरिया उर्वरक की आगामी डेढ़ माह तक आवश्यकता नहीं होगी नियमित रूप से यूरिया प्राप्त हो रहा है। उन्होने बताया कि डीएपी उर्वरक की खरीफ सीजन के लिए कुल मांग 10 हजार मैट्रिक टन थी जिसकी तुलना में 17 अगस्त तक 13 हजार 81 मैट्रिक टन डीएपी जिले को प्राप्त हो चुका है, जिसमें से 10 हजार 176 मैट्रिक टन डीएपी विक्रय हो चुका है, एवं 2 हजार 904 मैट्रिक टन यूरिया खुदरा विक्रेताओं के पास उपलब्ध है। लगभग 1200 मैट्रिक टन बुधवार को और प्राप्त हो जायेगा। इस प्रकार डीएपी की भी कोई कमी जिले में नहीं है। डीएपी उर्वरक की आवश्यकता सरसों की बुवाई के समय होती है। सरसों की बुवाई अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में शुरू होती है।

उन्होंने कृषकों से अपील की जाती है कि सरसों में डीएपी के 1 बैग के स्थान पर 3 बैग एसएसपी के साथ एक बैग यूरिया का उपयोग करें, जिसमें मुख्य पोषक तत्व नाइट्रोजन एवं फोस्फोरस डीएपी की तुलना में अधिक मिलते हैं। साथ ही 16-17 किलो गंधक भी मिलता है जो तेल निर्माण के लिये आवश्यक है लगभग 21 प्रतिशत केल्शियम पाया जाता है, जो पौधों को मजबूती के साथ-साथ रोग-प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है। सरसों के अधिक उत्पादन व तेल की मात्रा बढ़ाने के लिये डीएपी के स्थान पर एसएसपी के यूरिया का उपयोग अधिक लाभदायक है।

## रामद्वारा के सन्त रामनिवास महाराज का मनाया जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** रामद्वारा के सन्त रामनिवास महाराज का जन्मदिन सन्त कोमल राम महाराज के सानिध्य में विजयवर्गीय समाज टोंक द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगो ने संत रामनिवास महाराज को माला पहनाकर केक काटकर भजनों पर नृत्य किया एवं महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में गोविंद राम विजयवर्गीय घी वाले, स्थानीय सभा टोंक के महामंत्री राजेन्द्र विजयवर्गीय, नानक राम विजयवर्गीय डिग्गी, राधेश्याम सोनवा, शिवप्रकाश फुलेता, सत्यनारायण सिदड़ा, राधेश्याम देवपुरा, रमेश विजयवर्गीय, सन्तोष देवी विजयवर्गीय एवं मंजु विजयवर्गीय घी वाले गणमान्य लोग मौजूद थे।

## टोंक के ऋषभ विजयवर्गीय को लद्दाख के उप-राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा दिल्ली में रक्त वीर सम्मान समारोह में टोंक निवासी ऋषभ विजयवर्गीय के सम्मानित किया गया। जिला महामंत्री महेंद्र दुसाद खंडेलवाल ने बताया कि ऋषभ विजयवर्गीय ने अपने जीवन काल में 50 बार रक्तदान किया है। इस सम्मान समारोह में रक्त वीरों को सम्मानित किया गया है जिसमें टोंक निवासी ऋषभ विजयवर्गीय को यह गौरव प्राप्त हुआ है। जिनको लद्दाख के उप-राज्यपाल कविंद्र गुप्ता एवं अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा रक्त वीर की उपाधि से सम्मानित किया है।

## संगठन से मिले वाले दायित्व को निष्ठा से निभाना ही प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य -डॉ अरुण चतुर्वेदी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की जिला संगठनामक बैठक गंगापुर सिटी में जयपुर बाईपास स्थित पार्थ होटल में आयोजित की गई! संगठन बैठक में मुख्य अतिथि राजस्थान वित्त आयोग नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ.अरुण चतुर्वेदी रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बजरंग लाल जाट, प्रधान मंजू गुर्जर, प्रधान नरेंद्र चौधरी, शशिकला मीणा, सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.भरत मथुरिया, प्रेमप्रकाश शर्मा, सुरेश जैन, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़ सहित समस्त मंडलों के मंडल अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने की! उक्त संगठन आत्मक बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। और बैठक के दौरान मुख्य अतिथि डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन द्वारा प्रत्येक कार्यकर्ता को समय-समय पर दी जाने वाली जिम्मेदारी को निष्ठा और ईमानदारी से निभाना ही प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है ! इस अवसर पर उन्होंने संगठन के प्रत्येक मंडल अध्यक्ष और जिले के पदाधिकारी द्वारा संगठन द्वारा प्रवास के कार्यक्रमों के अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्र में प्रवास कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की विस्तृत स्थित की जानकारी प्राप्त करना है।



उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भाजपा संगठन का कार्यकर्ता राष्ट्रवाद और संगठन के प्रति जिम्मेदार रहता है जबकि संपूर्ण देश में आपातकाल लगाने वाली कॉन्ग्रेस आज संविधान के नियमों की दुहाई देने का काम कर जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है! जिला प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा एवं भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि उक्त संगठन बैठक के दौरान जिला महामंत्री विनोद अटल द्वारा समस्त 17 मंडलों के समस्त मंडल अध्यक्ष,महामंत्रियों और जिले के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के गठन के पश्चात किए गए समस्त संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। जिला सह मीडिया प्रमुख शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर महामंत्री जगदीश अग्रवाल,बाबूलाल मीणा,

राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश डंगोरिया,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेमप्रकाश शर्मा,जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल,उदय सिंह गुर्जर, हरिओम गर्ग, लालचंद गौतम, जमनालाल वैष्णव,मिथलेश व्यास, पुखराज सलेमपुर,जिला मंत्री हरफूल वैरबा,रामहरी जाट,अंजू जाटव,सुनीता वैष्णव ,राधा दीक्षित ,मीरा सैनी,कृष्णा गुप्ता,गौरंती मीणा,महेन्द्र दीक्षित,ओमी कटारिया,नितेश मोदी,सारांश जैन,कमलेश महावर,नवल दनगस,कृष्णा गुप्ता सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेदरी के विद्यालय में क्षतिग्रस्त कमरों को रस्सी से किया पैक, प्रवेश वर्जित का नोटिस चस्पा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** झालावाड़ के पीपलोदी स्कूल में हादसे के बाद मंगलवार को ककोड़ ग्राम स्थित राबामावि की छत गिरने से स्कूलों में हलचल तेज हो गई है। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बुधवार को कुण्डेर ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सेदरी में भी क्षतिग्रस्त कमरों को रस्सी से पैक कर दिया गया तथा जगह- जगह प्रवेश वर्जित का नोटिस दीवारों पर चस्पा भी कर दिया गया है। जिससे क्षतिग्रस्त होने वाले कमरों में कोई नहीं जाए तथा हादसे से बचा जा सकता है।

ग्रामीण दिनेश गुर्जर ने बताया कि विद्यालय की बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गई है तथा कमरों एवं दीवारों में जगह-जगह से दरारें आ गई है जिसके चलते हादसा घटित होने की आशंका बनी हुई थी । मंगलवार को ककोड़ ग्राम में विद्यालय की छत गिरने से हुए हादसे के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी हरकत में आए तथा क्षतिग्रस्त भवनों की सूचना मांग करके उन भवनों में विद्यार्थियों को नहीं बैठाने के साथ



रस्सीयों से पैक करके उधर नहीं जाने के विद्यालय परिसर में जगह-जगह नोटिस चस्पा किए गए हैं।

## स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति और चुनौतियों की हुई समीक्षा

### स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बुधवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार जेमिनी ने जिला कलक्टर को विभगीय योजनाओ मे जिले की प्रगति से अवगत करवाया।

जिला कलक्टर ने समीक्षा बैठक में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, ईकेवाईसी के बारे मे जानकारी ली कि ऐसे कितने परिवार है जिन्हे कवर किया जाना है, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना मे रेंकिंग बढ़ाने, दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने, आभा आईडी लिंकेज बढ़ाने, पेंडिंग लक्ष्य को पूरा करने, जननी सुरक्षा योजना, लाडो योजना का पेमेंट पेंडिंग नही रखने, एएनसी रजिस्ट्रेशन के समय गर्भवती की बैंक व जन आधार डिटेल ली जाए ताकि प्रसव पश्चात योजनाओं का लाभ तुरंत दिया जा सके। माँ वाउचर का वितरण करने के बाद गर्भवतियों की सोनोग्राफी करवाना सुनिश्चित कि जाए। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम, आयुष्मान कार्ड वितरण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष कार्डों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिले के सभी पीएमओ, बीसीएमओ, बीपीएम, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सक, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि तथा जिला स्तर के कार्यक्रम अधिकारी एवं समन्वयक उपस्थित रहे।

## डॉ.के.एन.मोदी ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



बढ़ता राजस्थान

**निवाई, ( निर्भय मीना )।** ऑल राजस्थान कराटे चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर टोंक जिले के 11 खिलाड़ियों ने मेडल जीता, ऑल राजस्थान कराटे चैंपियनशिप 17 अगस्त 2025 को जेएससी स्कूल जोबनेर जयपुर में हुआ। जिसमें 16 जिलों के 257 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में योगेश कालरा कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव व अरुण सारस्वत राजस्थान हॉकी के महासचिव एवं राजस्थान स्टेट ओलंपिक के कोषाध्यक्ष रहे कराटे कोच खुशीराम ने बताया कि टोंक जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान में अपना दुसरा स्थान प्राप्त किया प्रथम स्थान जयपुर का रहा है दूसरा स्थान टोंक का व तीसरा स्थान सीकर का रहा टोंक जिले के 11 खिलाड़ियों ने मेडल जीता जिसमें इन बच्चों के मेडल इस प्रकार रहे। 12-13 ईयर -40केजी बॉयज, विहान शर्मा-ब्रोंज मेडल+55 केजी, अंकित गुर्जर सिल्वर, आयुष चौधरी- ब्रॉन्ज 14-15 ईयर -63केजी प्रवीण गुर्जर-गोल्ड -70केजी, अभिमन्यु सिंह सोलंकी-ब्रोंज, गर्ल्स, 12-13 ईयर गर्ल्स +52केजी, अक्षिता कुमावत-ब्रोंज16-17 ईयर गर्ल्स-52केजी,, प्रियंका कुमावत ब्रोंज, 18-20 ईयर-50केजी मुस्कान मीन-गोल्ड प्रिया जात-सिल्वर लक्ष्मी कुमावत ब्रॉन्ज और अंजलि शर्मा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है।

## नव पद स्थापित अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भदौरिया का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**निवाई, ( का.स. )।** राजपूत कर्मचारी संघ निवाई द्वारा सी बी ई ओ ऑफिस निवाई में नव पद स्थापित अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती मीना भदोरिया का स्वागत किया गया।इस अवसर पर संघ के निवाई तहसील अध्यक्ष कोशलेन्द्र सिंह राजावत,जनक सिंह चौहान,देवराज सिंह राजावत,नवल सिंह चौहान,सुरेंद्र सिंह चौहान,बरजू सिंह ,बलवंत सिंह ,भगवान सिंह जी,गिर्राज सिंह ,रविन्द्र सिंह,राज सिंह ,श्रीमती मोहन कंवर,प्रभु लाल लुहारा आदि उपस्थित रहे।

## हरियालो राजस्थान पौधारोपण महाभियान

### प्रदेश में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य हुआ पार सवाई माधोपुर जिले में 23 लाख से अधिक पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रेरणादायी नेतृत्व में राजस्थान ने 'हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान' को एक जनआंदोलन का रूप दिया है। प्रदेश में इस मानसून में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य हासिल हो चुका है, मानसून अभी विदा नहीं हुआ है, पौधारोपण जारी है जिससे उम्मीद की जा सकती है कि उपलब्धि ऐतिहासिक होगी। यह अभियान राजस्थान को हरियाली से आच्छादित करने की ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

#### हरियाली की नई क्रांति

राज्य सरकार ने इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया था। अब तक 10 करोड़ 21 लाख 22 हजार 351 पौधे लगाए जा चुके हैं। इनमें व्यक्तिगत वृक्षारोपण संख्या 37 लाख 51 हजार 534 और ब्लॉक स्तर वृक्षारोपण संख्या 9 करोड़ 83 लाख 70 हजार 817 रही। पिछले साल भी इस अभियान के तहत 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए थे। इस बार शिक्षा विभाग, वन विभाग, आरडीपीआर और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रही।

**इस वर्ष सवाई माधोपुर जिले में 23 लाख से अधिक पौधारोपण** :- उप वन संरक्षक सामाजिक वानिकी सुनील कुमार ने बताया कि सवाई माधोपुर जिले में इस वर्ष निर्धारित 19 लाख 82 हजार पौधारोपण लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 23 लाख 511 पौधे लगाए जा चुके हैं। इनमें व्यक्तिगत श्रेणी में 64 हजार 524 और ब्लॉक स्तर पर 22 लाख 35 हजार 987 पौधारोपण शामिल हैं। हरियाली तीज पर जिले में ही एक दिन में 8 लाख 34 हजार पौधे लगाए गए। इस वर्ष लगाए गए पौधों की शत-प्रतिशत जियोटैगिंग भी की जा रही है। गत वर्ष जिले में कुल 7.05 लाख पौधे लगाए गए थे।



#### एक दिन में बना रिकॉर्ड

27 जुलाई, 2025 को हरियाली तीज पर आयोजित 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर मात्र एक दिन में 2 करोड़ 50 लाख पौधारोपण कर नया रिकॉर्ड बनाया गया।

## साइबर क्राइम एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से दिनेश सिंहल के खाते में फ्रोड की गई ठगी की राशि 8 लाख वापिस मिली

बढ़ता राजस्थान



सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)। हाल ही 8 अगस्त को गंगापुर निवासी दिनेश सिंहल पत्रकार के बैंक खाते से साईवर ठगों द्वारा 8 लाख 60 हजार रुपए की राशि फ्रोड कर निकाल ली गई। सिंहल को अपने साथ हुई ठगी फ्रोड का पता चला और उन्होने बैंक खाते को लॉक करवाकर इसकी शिकायत साईवर क्राईम के टोल फ्री नम्बर पर एवं पुलिस थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर थानाधिकारी करणसिंह राठौड एवं जांच अधिकारी एएसआई फजरूद्दीन खांन द्वारा मामले को गम्भीरता से लेते इनके अथक प्रयासों के कारण फ्रोड की राशि पंजाब प्रांत के लुधियाना शहर के सिंह सैल्स कार्पोरेशन के खाते से वापिस पीड़ित दिनेश सिंहल पत्रकार के खाते में वापिस करवाई जिसमें 8 लाख 60 हजार में से 8 लाख रूपये की राशि का चैक पीड़ित के खाते में जमा करवाया एवं 60 हजार की राशि दो-तीन दिन में वापिस करने का वादा किया। पीड़ित के खाते में फ्रोड ठगी की राशि वापिस करवानें पर पीड़ित दिनेश सिंहल पत्रकार एवं आई.एफ.डब्ल्यू जे पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष महेश शर्मा सहित सभी पत्रकार शहर के व्यापारी संगठन, लॉयन्स क्लब, अग्रवाल समाज समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं शहर के गणमान्य नागरिको नें पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

## ब्लैक स्पॉट कम करने को विभागीय समन्वय से कार्य करें - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (रूपक शर्मा)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य कर जिले की सड़कों को और अधिक सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए।

कलक्टर डॉ. शुक्ला ने कहा कि सुगम व सुरक्षित सड़क परिवहन सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने बताया कि जिले में ब्लैक स्पॉट की संख्या वर्ष 2023-24 में 17 से घटकर 2024-25 में 13 हुई है। इसे और कम करने के लिए सभी विभाग साझा प्रयास करें तथा जिन स्थानों पर दुर्घटनाएँ बार-बार हो रही हैं, वहाँ तकनीकी बदलाव कर उन्हें दुर्घटना-मुक्त क्षेत्र बनाया जाए।

उन्होंने बख्तल की चौकी स्थित ब्लैक स्पॉट को खत्म करने के लिए पुलिस एवं यूआईटी को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही, राष्ट्रीय




राजमार्गों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एनएचएआई के प्रयासों की सराहना की।

कलक्टर ने स्टेट हाईवे, एमडीआर व ओडीआर मार्गों पर भी ब्लैक स्पॉट समाप्त करने और सड़क दुर्घटनाओं व मृत्यु दर को घटाने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के तहत साइनेज, येलो बार मार्किंग, मिरर, स्पीड ब्रेकर लगाने तथा परिवहन व पुलिस विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई के साथ जनजागरूकता गतिविधियाँ बढ़ाने पर जोर दिया।

मालाखेड़ा क्षेत्र में अधिक दुर्घटनाएँ होने पर कलक्टर ने विस्तृत विश्लेषण कर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाएँ रोकने के लिए एनएचएआई को शीघ्र थम्बल स्ट्रिप बार मार्किंग करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सीएमएचओ को पिनान में निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क सुरक्षा ऑडिट में दिए गए सुझावों की पालना रिपोर्ट की समीक्षा कर भविष्य में दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने पर बल दिया गया।

बैठक में एडीएम शहर श्रीमती बीना महावर, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री ऐश्वर्या प्रजापति, आरटीओ सतीश चौधरी, पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता भूरी सिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, सीओ ट्रैफिक मुकेश चौधरी, यूआईटी अधीक्षण अभियंता तैयब खान, नगर निगम अधिशासी अभियंता खेमराज मीणा, रिडकोर प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज मुदगिल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अलवर शहर की सुरक्षा मजबूत होगी, वन मंत्री संजय शर्मा ने विधायक निधि से 41.28 लाख रुपये स्वीकृत किए

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (रूपक शर्मा)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने अलवर शहर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस को 41 लाख 28 हजार 800 रुपये की राशि विधायक निधि से स्वीकृत की है। इस राशि से शहर के चार प्रमुख पुलिस थानों—कोतवाली, अरावली विहार, शिवाजी पार्क और एनईबी—के लिए महिंद्रा बोलेरो कैम्पर वाहन खरीदे जाएंगे। श्री शर्मा ने बताया कि जिला परिषद, अलवर द्वारा राशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। शीघ्र ही कार्यकारी एजेंसी कार्यालय पुलिस अधीक्षक विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर वाहनों की खरीद संबंधी कार्यवाही प्रारंभ करेगा।

## भगवान देवनारायण धाम के लिए निकली ध्वज यात्रा, महंत बलरामदास महाराज ने दिखाई हरी झंडी



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** तहसील क्षेत्र की ध्वज यात्रा बुधवार को बड़े श्रद्धाभाव के साथ निकाली गई। भग्गूकाबास से शुरू हुई इस आस्था यात्रा को फूटाजोहड़ के महंत बलरामदास महाराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यात्रा का नेतृत्व माड़ाराम भगत जी ने किया, जिनके साथ पद यात्री एवं श्रद्धालुओं का जत्था श्री सपूत महाराज की सेवा में जयकारों के साथ रवाना हुआ। रास्ते में जत्था शाहपुर स्थित भगवान जाहरवीर गोगाजी आश्रम गूंता पहुँचा, जहां विश्राम कर पुनः यात्रा को बानसूर की ओर आगे बढ़ाया गया।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता राजेश बागड़ी ने ध्वज यात्रा में शामिल होकर स्वयं भी ध्वज उठाया और सभी भगतजनों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान देवनारायण महाराज के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

## स्वतंत्रता सेनानी बद्रीप्रसाद गुप्ता को श्रद्धांजलि, सुपौत्र रिपु दमन गुप्ता का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति, अलवर की ओर से आयोजित समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्व. बद्रीप्रसाद गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति ने उनके सुपौत्र रिपु दमन गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

यह सम्मान स्वतंत्रता सेनानी गुप्ता के देशहित में किए गए योगदान और त्याग को स्मरण करने के उद्देश्य से प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र माथुर, गौरीशंकर विजय, मनोज गुप्ता, नारायण साईंवाल, प्रकाश गुप्ता, संजय बवेजा, सत्यप्रकाश शर्मा, अजीत सोनी, शैलेन्द्र माथुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि, सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** भारत रत्न, तकनीकी भारत के शिल्पकार और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की ओर से सद्भावना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने मोती डूंगरी स्थित राजीव गांधी पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिलाध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने का सपना देखा था। वे सूचना एवं संचार क्रांति के जनक थे। पंचायती राज की संवैधानिक व्यवस्था, नवोदय विद्यालय की स्थापना, रेलवे का कम्प्यूटरीकरण और अर्थव्यवस्था के उदारीकरण जैसे उनके कदम देश के लिए मील का पत्थर साबित हुए।

इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे, जिनमें अजीत यादव, गोपालदास खटीक, प्रदीप आर्य, गफूर खान, फूलचंद शर्मा, सपात खान, हरिशंकर रावत, रिपु दमन गुप्ता, जे.डी. आर्यन, प्रीतम मेंहदीरत्ता, प्रेम पटेल, जाकिर हुसैन, जीत कौर, रामा चावरिया, अशोक नन्दा, डॉ. संदीप सैनी, राहुल खान सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल थे।

## राज्यभर में मूर्त रूप ले रही 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' सौर ऊर्जा से घरेलू बिजली बिल होगा शून्य, अतिरिक्त बिजली से मिलेगी आमदनी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राजस्थान में तेजी से मूर्त रूप ले रही है। इस योजना का लक्ष्य राज्य को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना और हर परिवार को 24 घंटे मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है।

विद्युत विभाग के अनुसार अब तक प्रदेश में 72 हजार 155 घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। वहीं अलवर जिले में 1551 घर इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। योजना के तहत 1 करोड़ घरों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

योजना में 2 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली पर 60 प्रतिशत और 2 से 3 किलोवाट क्षमता वाली प्रणाली पर 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। सब्सिडी की अधिकतम सीमा 3 किलोवाट तय की गई है। मौजूदा दरों के अनुसार 1 किलोवाट पर 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 60 हजार रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी मिलेगी। 3 किलोवाट की प्रणाली औसतन प्रति माह 300 से अधिक यूनिट बिजली उत्पन्न कर सकती है।

इससे न केवल घरेलू बिजली बिल शून्य हो सकेगा, बल्कि अतिरिक्त बिजली डिस्कॉम को बेचकर परिवार अतिरिक्त आमदनी भी अर्जित कर सकेंगे। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधीर पांडे ने बताया कि योजना में आवेदन के लिए आवेदक के पास एक उपयुक्त छत वाला घर और वैध बिजली कनेक्शन होना आवश्यक है। साथ ही वह किसी अन्य सौर सब्सिडी का लाभ नहीं ले रहा हो। इच्छुक परिवार राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकरण कर सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल पर पैनल के आकार, अनुमानित लाभ और विक्रेता रेटिंग की विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। सरकार द्वारा इस योजना के प्रचार-प्रसार हेतु व्यापक जनजागरण अभियान भी चलाया जा रहा है।

## प्रागपुरा में लंगूर की मौत पर हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार

### वन विभाग और नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही पर आक्रोश



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** पावटा-प्रागपुरा के पालिका शहर में जलदाय विभाग कार्यालय के सामने प्रागपुरा कस्बे के प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर में बुधवार की सुबह एक काले मुंह वाले बंदर (लंगूर) की मौत हो गई। बंदर की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने हिंदू रीति-रिवाज से उसका अंतिम संस्कार किया। मंदिर महंत कान्हा दास महाराज ने बताया कि लंगूर एक पैर से विकलांग था और उसकी मौत के बाद उन्होंने लोगों से निवेदन कर हिंदू रीति-रिवाज से दफनाने की बात कही। लेकिन जब पत्रकारों ने पावटा वनरक्षक यादराम जाट को घटनाक्रम से अवगत करवाया, तो उन्होंने मदद करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह कार्य अब नगरपालिका प्रशासन का है। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी फत्तेह सिंह मीणा का फोन भी बंद आया, जिससे नगरपालिका वासियों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। पालिका वासियों का कहना है की ईओं फत्तेह सिंह मीणा ने जब से कार्यभार सम्भाला है तब से लेकर आज तक वो आमजन के फोन तक नहीं उठाते। सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला समेत मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों ने वन विभाग और पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया तथा अधिशाषी अधिकारी फत्तेह सिंह जैसे व्यक्तियों की लापरवाही के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने वन विभाग और पालिका प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया और कहा कि लंगूर की मौत सुबह हुई और उन्होंने करीब 11:30 बजे बाद से अधिशाषी अधिकारी फत्तेह सिंह मीणा को बार बार फोन करने का प्रयास किया लेकीन उनका फोन स्विच ऑफ आया। स्थानीय लोगों का कहना है की अधिशाषी अधिकारी फत्तेह सिंह मीणा फोन उठा लेते तो लंगूर का अंतिम संस्कार समय से किया जा सकता था।

पालिका प्रशासन की ओर से शाम 05:30 बजे तक भी जब कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा तो स्थानीय लोगों ने लंगूर का हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया। उन्होंने लंगूर के शव को रामदेव मंदिर से गाजे-बाजे के साथ मोक्ष धाम तक ले जाकर वैदिक मंत्रोच?चार के साथ अंतिम संस?कार किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला, मुकेश चन्द्रेश, दिलीप मुलोदिया, लीलाराम यादव, अशोक हाडिया, साहिल कुमार, रवि सिंघल, सत्यवीर मुलोदिया, नूतन सैनी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने लंगूर के अंतिम संस्कार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बंदर के शव को सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार करने के लिए लोगों को प्रेरित किया और इस दौरान उन्होंने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस घटना ने वन विभाग और नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही को उजागर किया है।

## सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित प्रसंग के साथ श्रीमद्भागवत कथा का विश्राम, 101 दीपों से हुई महाआरती

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर के स्कीम-2 स्थित श्री भगतसिंह पार्क में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा का समापन सुदामा चरित्र, शम्भरासुर वध और राजा परीक्षित प्रसंग के साथ हुआ। कथावाचक आचार्य राघवेंद्र ने प्रद्युम्न जन्म, हिरण्यकश्यप वध, जामवंत-द्वारिकाधीश संवाद एवं देवर्षि नारद-इंद्र संवाद जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि कथा का मूल संदेश समाज में प्रेम और सद्भावना की स्थापना है।

आचार्य ने भजनों और छंदों के माध्यम से जातिवाद के विष को त्यागकर मुझमें राम, तुझमें राम, सबमें राम की भावना अपनाने का आह्वान किया।

कथा के अंत में भगवान द्वारिकाधीश की भव्य झांकी सजाई गई और 101 दीपों से सामूहिक महाआरती सम्पन्न हुई।



आयोजक समिति के योगेश हाड़ा ने बताया कि 14 अगस्त को कलश यात्रा से प्रारंभ हुई यह संगीतमय कथा यज्ञ 21 अगस्त, गुरुवार को पूर्णाहुति और भंडारे के साथ सम्पन्न होगी। संयोजक सौरभ कालरा ने बताया कि देव नारायण शास्त्री, सौम दुबे, विश्वास और राम सहित पाँच सदस्यीय टोली ने वाद्य यंत्रों के साथ भजनों से भक्तिमय वातावरण बनाया।

## स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति को सेना ने किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति द्वारा पिछले 10 वर्षों से आयोजित किए जा रहे 15 अगस्त दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम के लिए ईटाराणा छावनी, अलवर में सैन्य अधिकारियों ने समिति को सम्मानित किया।

समिति से जुड़े विशेश्वर विजय और मोहित पंडित ने बताया कि वर्ष 2016 में अलवर शहर से यह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था। इसका उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा सीमा पर तैनात जवानों का मनोबल बढ़ाना रहा है। तभी से यह आयोजन निरंतर शहीद स्मारक पर किया जा रहा है। इस वर्ष ईटाराणा छावनी के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर इसकी सराहना की और समिति के सदस्यों व बच्चों को छावनी बुलाकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में मेजर जनरल दिगेन्द्र प्रताप सिंह, ब्रिगेडियर आर. कुबेर, मेजर व आकाश चींचे मौजूद रहे। उन्होंने समिति के संरक्षक डॉ. वी.के. अग्रवाल, अध्यक्ष गौरीशंकर विजय, सदस्य नारायण साईंवाल, एडवोकेट गौरव शर्मा, अजीत सोनी, सुभाष अग्रवाल सहित अन्य को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही कार्यक्रम में शामिल रहे करीब 65 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। समिति संरक्षक डॉ. वी.के. अग्रवाल और अध्यक्ष गौरीशंकर विजय ने सैन्य अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## लघु उद्योग दिवस पर विभाग समन्वय शिविर का होगा आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** लघु उद्योग दिवस के उपलक्ष्य में लघु उद्योग भारती, अलवर द्वारा संयुक्त व्यापारी महासंघ के सहयोग से 29 अगस्त, शुक्रवार को विभाग समन्वय शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रिवाज रिजॉर्ट (कंपनी गार्डन के सामने) अलवर में होगा।

अध्यक्ष शशांक झालानी ने बताया कि शिविर में बतौर मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला (आईएएस) उपस्थित रहेंगी। शिविर का उद्देश्य उद्यमियों और व्यापारियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं, सेवाओं और समस्याओं के समाधान की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। शिविर में केंद्रीय व राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग, जिला उद्योग केंद्र, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, रीको, नगर निगम, श्रम विभाग, अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, आयकर विभाग, विधिक सेवा समिति, कारखाना एवं बॉयलर निरीक्षण विभाग, परिवहन विभाग, सीएमएचओ और जेवीवीएनएल समेत कई विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। झालानी ने बताया कि यह शिविर उद्यमियों के लिए विभागीय मार्गदर्शन, जानकारी और समस्याओं के समाधान का उत्तम अवसर है। उद्योग से संबंधित समस्या पंजीकरण हेतु फॉर्म भी उपलब्ध रहेगा।

## नगरपालिका ने गोल सर्किल पर नॉन वेंडिंग जोन से हटवाई फल-सब्जी की ठेली



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** नगरपालिका राजगढ़ ने बुधवार को अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए गोल सर्किल पर लगी हुई फल-सब्जी की ठेली वालों को हटवाया। गौरतलब है कि गोल सर्किल को नगरपालिका ने नॉन वेंडिंग जोन घोषित किया हुआ है लेकिन यहां पर लम्बे समय से फल-सब्जी की ठेली लगाई जा रही है। नगरपालिका द्वारा बार-बार सूचना व नोटिस देने के बाद भी ठेली वाले गोल सर्किल पर ही ठेली लगा रहे हैं। बुधवार को नगरपालिका के अतिक्रमण प्रभारी रितिक, नगरपालिका सीओ मीनाक्षी शर्मा, भारत भुषण सहित नगरपालिका के कर्मचारी आदि ने गोल सर्किल पर लगी ठेली वालों को वहां से हटाने के निर्देश दिये।

## मंत्री संजय शर्मा ने चार थानों के लिए बोलेरो वाहन स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अपराधों पर रोकथाम के उद्देश्य से वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अपनी विधायक निधि से 41 लाख 28 हजार 800 रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से महिंद्रा बोलेरो कैम्पर वाहन खरीदे जाएंगे, जिन्हें शहर कोतवाली, अरावली विहार, शिवाजी पार्क और एनईबी थानों को उपलब्ध कराया जाएगा। जिला परिषद अलवर ने इसके लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय शीघ्र ही विभागीय प्रक्रिया पूरी कर वाहनों की खरीद संबंधी कार्यवाही करेगा।

# गौवंश सेवा की नई पहल : आंकखेड़ी में बनेगी 1 करोड़ की गौशाला

## गौशाला के भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम में धर्मगुरु, विधायक, जिला कलक्टर सहित अनेक गणमान्य रहे उपस्थित'

### चौहानों का खेड़ा निवासी रामसिंह चौहान ने भूमि दान कर पेश की मिसाल




बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी, (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** ग्राम पंचायत आंकखेड़ी में 1 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गौशाला का शिलान्यास एवं भूमि पूजन समारोह बुधवार को बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला गौपालन समिति के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर झालावाड़ अजय सिंह राठौड़ रहे, जबकि अध्यक्षता विधायक डग कालूराम मेघवाल ने की। इस अवसर पर संत बालकदास जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने आशीर्वचन देकर गौशाला निर्माण को क्षेत्र की ऐतिहासिक पहल बताया। जिला कलेक्टर ने कहा कि गौशाला केवल पशुओं के संरक्षण का स्थान नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का प्रतीक है। ग्राम पंचायत आंकखेड़ी में जनसहयोग से बनने वाली यह गौशाला गोवंश की सेवा और पालन-पोषण के साथ-साथ समाज को संवेदनशील बनाने का कार्य करेगी। बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस अवसर पर डग विधायक कालूराम मेघवाल ने कहा कि इस क्षेत्र में भव्य गोशाला का निर्माण कराया जा रहा है जो गौमाता की सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के माध्यम से भवानीमंडी सहित विधानसभा क्षेत्र डग में कई विकास कार्य किए गए हैं और कई विकासशील योजनाएं प्रगतिरत हैं। इस दौरान जिला कलेक्टर सहित अन्य अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से भूमि पूजन एवं शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री, स्टेट वेयर हाउस मानसिंह चौहान, प्रधान पं. स. भवानीमंडी सुलतान सिंह चौहान, जिला परिषद सीईओ शंभुदयाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी श्रद्धा गोमे, कार्यकारी अध्यक्ष, सरपंच संघ राजस्थान अर्जुन सिंह, मांगूसिंह चौहान, नाथूसिंह तंवर, गंगासिंह परिहार, सोना कंवर मौजूद रहे।

#### गौशाला केवल आश्रय नहीं, बल्कि करुणा और सेवा का प्रतीक है" जिला कलेक्टर

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि चौहानों का खेड़ा निवासी रामसिंह चौहान ने अपने खाते की साढ़े चार बीघा भूमि दान देकर जिस भाव से गौशाला निर्माण के लिए योगदान दिया है, वह वास्तव में अद्वितीय और प्रेरणादायी है। उन्होंने बाकी गांवों को चारागाह जमीनों पर गौवंश के लिए चरने की जमीन सुरक्षित रखने और गौशाला निर्माण के लिए भूमि एवं अन्य आवश्यक सहयोग के लिए भामाशाहों को आगे आने के लिए आग्रह किया। गौवंश की सेवा हमारी परंपरा और संस्कृति का अभिन्न अंग है, और इस दिशा में भूमि दान जैसा पुण्य कार्य समाज को नई ऊर्जा देता है। गौशाला केवल आश्रय नहीं, बल्कि यह करुणा, सेवा और समाज की संवेदनशीलता का प्रतीक है। चौहान का यह योगदान भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा कि वे गौवंश संरक्षण जैसे पावन कार्यों में अपना सहयोग दें।

## गोयन्दा गांव में खेत पर गिरी आकाशीय बिजली, महिला की मौके पर मौत

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** रामगंजमंडी क्षेत्र के गोयन्दा गांव में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से खेत में कार्य कर रही महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान धापू बाई (45) पत्नी रामचंद्र माली निवासी गोयन्दा गाँव के रूप में हुई है। घटना दोपहर करीब 1 बजे की है, जब धापू बाई खेत में सोयाबीन की फसल को देखने और चारा काटने गई थीं। इसी दौरान अचानक मौसम बदलने पर तेज गरज-चमक के साथ बिजली गिरी, जो सीधे उनके ऊपर आ गिरी। महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर खैराबाद चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया । परिजनों ने बताया कि मृतका के परिवार में एकमात्र बेटा है जो कृषि कार्य कर घर का पालन-पोषण करता है। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई ।वही ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतका के परिजनों को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है।

## जिला कलक्टर एवं आईजी रेंज ने अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने बुधवार को अनंत चतुर्दशी के शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी कोटा रेंज राजेन्द्र प्रसाद गोयल एवं पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौतम सहित अन्य अधिकारी भी साथ थे। अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा मार्ग की रूट विजिट प्रात: 9 बजे सूरजपोल गेट से शुरू हुई। वहां से मोखापाडा, कैथूनीपोल थाना, इंद्रा बाजार, सब्जी मंडी से होते हुए सभी अधिकारी रामपुरा बाजार होते हुए बारादरी तक पहुंचे। करीब 3.5 किमी के शोभायात्रा मार्ग की विजिट के दौरान जिला कलक्टर एवं अन्य अधिकारियों ने सड़क पर बने गढ्डे भरने, खुले नालों को ढकने, नीचे झूल रहे तारों को कसने, केबल के तारों को व्यवस्थित करने, रास्ते में पड़े मलबे, निर्माण सामग्री आदि को हटाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर एवं आईजी कोटा रेंज ने रूट विजिट के दौरान साथ चल रहे शोभायात्रा आयोजन समिति के पदाधिकारियों से भी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने अखाड़ों के व्यायाम प्रदर्शन, स्टाल आदि के बारे में जानकारी ली। जिला कलक्टर ने शोभायात्रा के मार्ग में आने वाली गलियों में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करने, सफाई एवं अवरोध हटाने के निर्देश नगर निगम अधिकारियों को दिए।

### जर्जर भवनों की बैरिकेडिंग करें

श्री समारिया ने शोभायात्रा के मार्ग पर जर्जर भवनों को चिन्हित कर वहां बैरिकेडिंग करने एवं गार्ड नियोजित करने के निर्देश दिए ताकि कोई शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार के हादसे की आशंका नहीं रहे।

### ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर चर्चा

उन्होंने शोभायात्रा के दिन ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर आईजी रेंज एवं पुलिस अधीक्षक कोटा शहर से चर्चा की। अधिकारियों ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों के विभिन्न सुझावों को नोट करते हुए अगली रूट विजिट तक समस्त व्यवस्थाएं सुचारू करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आईएएस प्रशिक्षु आराधना चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, एडीएम सिटी अनिल सिंघल, आयुक्त नगर निगम उत्तर अशोक त्यागी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी साथ रहे।

## 22 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी (अनन्त दाधीच)। जिले में 22 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान 1 से 19 साल तक के बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमि (पेट के कीड़े) से बचाने के लिए मुफ्त दवा दी जाएगी। यह दवा जिले के सभी स्कूल, कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध होगी।**

### क्यों है यह ज़रूरी ?

कृमि संक्रमण बच्चों के शरीर में पोषक तत्वों को खा जाता है, जिससे खून की कमी, कुपोषण, और शारीरिक-मानसिक विकास में बाधा आती है।

### दवा कैसे दी जाएगी ?

- 1 से 2 साल के बच्चों को आधी गोली (चूरा बनाकर पानी के साथ)।
- 2 से 3 साल के बच्चों को एक पूरी गोली (चूरा बनाकर पानी के साथ)।
- 3 से 19 साल के बच्चों को एक पूरी गोली (चबाकर पानी के साथ)।

**ध्यान दें-** यह दवा खाली पेट नहीं खानी है। यदि कोई बच्चा 22 अगस्त को दवा लेने से चूक जाता है, तो उसे 29 अगस्त को मॉपअप दिवस पर यह दी जाएगी।

## विश्व बंधुत्व दिवस पर रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

### रक्तदान करने वालों का ब्रह्मकुमारीज की तरफ से होगा सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** विश्व बंधुत्व दिवस कोटा के ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कमला उद्यान कोटा मे मनाया जायेगा। केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने बताया कि 24 अगस्त को दादी प्रकाशमणि के पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । रक्त की कमी की वजह से प्रतिवर्ष लांखो लोग मृत्यु के शिकार होते है ।ईश्वर के दिए गए उपहारों मै से एक रक्त भी है जो कि अभी तक कृत्रिम रूप से बनाया नहीं जा सका है। विश्व कुटुंबकम् की भावना से प्रेरित होकर हमे चाहिए कि कोई भी भाई और बहन खून की कमी से मृत्यु को प्राप्त न हो ।दीदी ने कहा कि रक्त दान करने से हमारे शरीर का शुद्धिकरण होता है और नई ऊर्जा मिलती है रक्त दान से किसी प्रकार की शरीर मै कोई कमजोरी नहीं आती है बल्कि हम कई बीमारियों के होने से बच जाते है । इसलिए जितना हो सके इस शिविर में भाग लेना चाहिए और रक्तदान करके पुण्य ओर दुआएं प्राप्त करना चाहिए ।बीके उर्मिला दीदी ने बताया कि शिविर मै रक्तदान करने वालों का ब्रह्मकुमारीज की तरफ से सम्मान किया जाएगा ।

## राजीव गांधी जयंती पर विद्यालय मे सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

### छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित कर महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता का दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर महिला कांग्रेस कोटा शहर जिला अध्यक्ष एवं पार्षद शालिनी गौतम के नेतृत्व में महावीर नगर विस्तार योजना स्थित एक निजी विद्यालय में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए साथ ही मासिक धर्म, स्वच्छता, आत्मसम्मान व जागरूकता के विषयों पर जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रिंसिपल कंचन जयपुरिया, सुनीता शर्मा, विद्यालय स्टाफ, छात्राएं व महिला कांग्रेस की पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर शालिनी गौतम ने कहा कि राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने न केवल तकनीकी क्रांति की शुरुआत की, बल्कि महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए ठोस नीतियाँ बनाईं। राजीव गांधी जी का सपना था एक ऐसा भारत जहाँ बेटियाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता में किसी से पीछे न रहें। मासिक धर्म पर मौन तोड़कर हम बेटियों को ना केवल जागरूक बना रहे हैं, बल्कि उन्हें गरिमामय जीवन जीने की प्रेरणा भी दे रहे हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ पैड देना नहीं, बल्कि सोच में बदलाव लाना है ताकि हर लड़की बिना संकोच अपने स्वास्थ्य और जरूरतों पर बात कर सके।

## शहर का पहला देहदान गिरधारी मोटवानी के नाम, नेत्रदान के बाद परिवार ने देहदान का लिया फैसला

### मरणोपरांत अपनी देह को झालावाड़ मेडिकल कॉलेज को सौंपकर अमर हो गए गिरधारी मोटवानी

बढ़ता राजस्थान





**भवानीमण्डी( नि.स. )।** नेत्रदान के माध्यम से दो लोगों के जीवन को रोशन किया जा सकता है, वही देहदान के माध्यम से निर्मित चिकित्सक का निर्माण सैकड़ो जीवन को रोशन करता है, इसी से प्रेरित होकर भवानीमंडी के मोटवानी परिवार ने पुण्यात्मा का नेत्रदान करवाने के बाद देहदान का परोपकारी कार्य करके विलक्षण उदाहरण प्रस्तुत किया।

भारत विकास परिषद के नेत्रदान प्रभारी एवं शाइन इंडिया फाउंडेशन के नगर संयोजक कमलेश गुप्ता दलाल ने बताया कि समाजसेवी शंकर मोटवानी एवं मोहन मोटवानी के भाई गिरधारी मोटवानी का स्वर्गवास होने के बाद परिवार के द्वारा नेत्रदान का निर्णय लिया गया था एवं सूचना देने पर शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड़ ने रात्रि को 2 बजे ज्योति रथ से भवानीमंडी पहुंचकर नेत्रदान प्रक्रिया संपादित करके कॉर्निया प्राप्त किया जिसके माध्यम से चार से लेकर छह नेत्रहीनों को नई नेत्र ज्योति प्रदान की जा सकेगी। परिवार पहले से नेत्रदान के साथ-साथ देवदान के परोपकारी कार्य से भी जुड़ा हुआ है, ऐसे में नेत्रदान प्रक्रिया के पूरा होने के बाद परिवार के द्वारा मृतक के देहदान की इच्छा भी प्रकट की गई, सुबह डॉ कुलवंत गौड एवं कमलेश गुप्ता के द्वारा झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ संजय पोरवाल एवं देहदान कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर व एनाटॉमी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ मनोज शर्मा से बातचीत करके सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करके पार्थिव शरीर को झालावाड़ मेडिकल कॉलेज को दान करने का निश्चय किया। देशभक्ति की धुन के साथ घर से देहदाता की अंतिम यात्रा नगर में निकाली गई, एवं मुक्तिधाम पहुंचकर वहां पर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों के द्वारा नम आंखों से देहदाता को श्रद्धांजलि दी गई। धार्मिक रीति रिवाज के संपादन के बाद पार्थिव शरीर को एंबुलेंस के माध्यम से शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड़ एवं कमलेश गुप्ता ने परिवारजनों के साथ झालावाड़ लाकर झालावाड मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ संजय पोरवाल, शरीर रचना विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल शर्मा एवं देहदान कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर व सीनियर प्रोफेसर डॉ मनोज शर्मा को सौंपा। पार्थिव देह को सौंपते समय वहाँ गिरधरी मोटवानी के भाई शंकर मोटवानी, मोहन मोटवानी, बहन ममता राझानी, अनीता राजवानी कविता राजवानी व मोटवानी परिवार के सभी सदस्य, पार्षद नितिन चौधरी, बालकिशन प्रजापति, राजू प्रजापति, शाइन इंडिया के डॉ कुलवंत गौड़, कमलेश गुप्ता दलाल, एवं मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक उपस्थित थे। एनाटॉमी डिपार्टमेंट के द्वारा पार्थिव शरीर को पुष्प हार समर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई, एवं परिवार को प्रशस्ति-पत्र भेंट किया गया। झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के देहदान कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर एवं एनाटॉमी डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ मनोज शर्मा ने देहदानी परिवार का धन्यवाद देते हुए कहा कि शोक के समय में देहदान करने का निर्णय पूरे समाज और देश के लिए प्रेरणादायक व अनुकरणीय है।

## ग्रामीणों की परेशानी को सामाजिक कार्यकर्ता ने किया दूर

### बैरवा बस्ती का आम रास्ते पर निजी खर्च से हो रही ग्रेवल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** ग्राम बंबूलियां कलां में बैरवा बस्ती स्थित नीमसरा गढ़ार बरसात मे खराब हो गयी कच्ची मिट्टी का यह रास्ता पैदल निकलने के लिए मुश्किलों भरा हो गया ऐसे में थकहार गांव वालों व स्थानीय निवासियों द्वारा सड़क की दुर्दशा से क्रास्स अध्यक्ष सिद्धार्थ शर्मा बंबूलियां को अवगत करवाया गया। जिस पर लोगों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए सिद्धार्थ शर्मा अपने निजी खर्च पर ग्रेवल मरडा डलवाने का निर्णय लिया । शर्मा ने लाखेरी से ग्रेवल की ट्रालियां उक्त जगह डलवाने की कार्यवाही शुरू कर दी ।दिनभर चले ग्रेवल भराई के कार्य से शाम तक रास्ता तैयार हो गया। जिस पर संपूर्ण बैरवा बस्ती की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया , स्थानीय मनोज बैरवा , कन्हैयालाल ने बताया कि सिद्धार्थ जी के सहयोग से निर्मित हुई ग्रेवल मरडा से सभी स्थानीय लोगों की परेशानी दूर होगी आसपास के बच्चों एवं लोगों को अब घुटनों तक कीचड़ में होकर निकलने से मुक्ति मिलेगी।

## पुत्रों के सहयोग से संपन्न हुआ नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( विनोद गौड़ )।** विज्ञान नगर निवासी नवीन शरद और प्रमोद पारीक की माताजी अनसूया पारीक का आकस्मिक निधन हुआ । इस शोक की सूचना संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र डॉ दर्शन गौतम,श्रेयांश जैन,एवं मनीष बंसल,सतीश अग्रवाल के माध्यम से प्राप्त हुई। डॉ दर्शन गौतम ने बताया कि,तीनों बेटों और बहुओं एकता,वंदना,नेहा ने स्व प्रेरणा से माताजी के नेत्रदान करने का निर्णय लिया, परिवार की ओर से सहमति प्राप्त होने पर अनसूया के नेत्रदान की प्रक्रिया घर पर ही संपन्न हुई ।

## बूंदी में कजली तीज महोत्सव की धूमः सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने समां बांधा

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी में चल रहे कजली तीज महोत्सव के तहत मंगलवार शाम को मेला मंच पर एक शानदार सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गणेश वंदना से लेकर सूफी गानों और बॉलीवुड डांस तक, विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नैनवा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता नागर, लोक अभियोजक भूपेंद्र सहाय सक्सेना, समाजसेवी सुरेश चांदवानी और भाजपा एससी मोर्चा के अध्यक्ष उमेश आर्य थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। नगर परिषद सभापति और मेला संयोजक सरोज अग्रवाल, नगर परिषद आयुक्त धर्मेंद्र मीणा समेत कई पार्षद और गणमान्य व्यक्तियों ने अतिथियों का स्वागत माला, शॉल और साफा पहनाकर किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता राजकुमार दाधीच ने किया।

### कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां

मधु जोशी इवेंट द्वारा आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में कई जाने-माने कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इंडियन आइडल फेम सिंगर आकाश भट्ट ने केसरिया बालम, संदेशे आते हैं और चार दिनों की लंबी जुदाई जैसे सूफियानी और भावुक गाने गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जूनियर अनिल कपूर (बिग बॉस फेम) ने अपने मशहूर गाने वन टू का फोर पर शानदार डांस किया।

जूनियर शकीरा (केटीएस डांस ग्रुप) और अन्य कलाकारों ने भी बेहतरीन डांस प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा, एंकर प्रथमा सोनी, रश्मि (बॉलीवुड डांसर), मोनिका (बॉलीवुड डांसर), निधि मिश्रा (सिंगर), रानी (मल्टी डांसर), हाफिज भाई, रीना रंगीली (फोक डांसर) और बबलू अंगारा (कॉमेडियन) ने भी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

### आज होगी मशहूर कव्वाल रईस अनीस साबरी की प्रस्तुति

महोत्सव का अगला बड़ा कार्यक्रम 21 अगस्त 2025, गुरुवार को होगा, जिसमें मशहूर कव्वाल रईस अनीस साबरी अपनी कव्वालियां पेश करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती, डॉ. मजीद मलिक कमांडो, ए.जी. मिर्जा और फारूक राणा होंगे। आयोजकों ने सभी नागरिकों से इस कव्वाली कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# जिले में अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई, राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

## कलक्टर ने अवैध खनन रोकथाम एवं भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा की

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (का.स.)।** कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं अवैध खनन रोकथाम, राजस्व प्रकरणों तथा योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों एवं खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अवैध खनन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगा। वैध खनन क्षेत्र के अतिरिक्त कहीं भी खनन गतिविधि न हो और यदि अवैध खनन पाया जाए तो तत्काल सघन कार्रवाई की जाए। जब्त की गई बजरी को नियमानुसार नीलाम करने की कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। इसी क्रम में वित्तीय साक्षरता एवं सेचुरेशन कैंप की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलक्टर ने कहा कि इन कैंपों में अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी व्यक्तिगत रूप से ध्यान रखें कि पात्र वांछित लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। कलक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले प्रत्येक सरकारी कैंप में बैंक प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य हो, ताकि वित्तीय समावेशन एवं योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया जा सके। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि व अन्य कृषि योजना की समीक्षा के दौरान कलक्टर ने पीपल्दा क्षेत्र में अधिक पेंडेंसी पर नाराज़गी व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी के पास ड्यू लिस्ट उपलब्ध हो और उसी आधार पर लाभार्थियों से व्यक्तिगत स्तर पर संपर्क कर लंबित प्रकरणों को समाप्त किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नियम अनुसार शीघ्र कार्रवाई कर पेंडेंसी खत्म करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कलक्टर ने कहा कि अधिकारी अपने-अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह हैं और बैठकों में आवश्यक दस्तावेज एवं सूचियों के साथ ही उपस्थित हों, ताकि विभागीय समन्वय से कार्यों में विलंब न हो। बैठक में भूमि आवंटन से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए ताकि आमजन को प्रदेश सरकार की मंशानुरूप समय पर लाभ मिल सके।

कलक्टर ने विभिन्न उपखंडों में प्रस्तावित जीएसएस (ग्रिड सब-स्टेशन) से जुड़े भूमि आवंटन के मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित अधिशासी अभियंता प्रत्येक उपखंड अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन एवं उससे संबंधित समस्त औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं और प्रगति की विस्तृत पालना रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। कलक्टर ने भूमि अवाप्ति संबंधी प्रकरणों, राजस्व न्यायालयों में लंबित एवं निर्णित प्रकरणों की तुलनात्मक समीक्षा की और जीसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि भूमि आवंटन, भूमि अवाप्ति और अन्य राजस्व प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला सहित सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस, खनन, पर्यटन, शिक्षा, विद्युत आदि विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका भवन के लिए नई भूमि की मांग



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने जिला कलेक्टर धौलपुर को पत्र लिखकर नगर पालिका कार्यालय के लिए नवीन भवन की मांग की है। उन्होंने किला परिसर में स्थित पुराने कोतवाली थाने की खाली पड़ी बिल्डिंग को नगर पालिका कार्यालय हेतु उपयुक्त बताया है।

अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में नगर पालिका कार्यालय कचहरी परिसर में स्थित पीडब्ल्यूडी स्वामित्व वाली रियासतकालीन जर्जर इमारत में संचालित हो रहा है, जिसे विभाग द्वारा अनुपयोगी घोषित किया जा चुका है। ऐसे में नगर पालिका के लिए सुरक्षित और उपयुक्त भवन की आवश्यकता है।

गोयल ने कहा कि किला गेट के पास स्थित पुराना थाने का भवन शहर के बीचों-बीच है और आम लोगों की सुविधा की दृष्टि से भी सर्वश्रेष्ठ स्थान है। इसलिए इस भवन को नगर पालिका कार्यालय के लिए स्थानांतरित किए जाने का निवेदन जिला कलेक्टर से किया गया है।

## राजीव गांधी जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की जयंती पर कांग्रेस परिवार की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीना ने की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके दूरदर्शी नेतृत्व को स्मरण किया। रामेंद्र मीना ने अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी जी ने सूचना प्रौद्योगिकी और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर देश के विकास की नींव रखी।

नगर अध्यक्ष सेफ शाहिद खान (बाबुल भाई) ने कहा कि राजीव गांधी ने कंप्यूटर क्रांति लाकर देश को आधुनिक युग में प्रवेश कराया और आज युवाओं को उनके सपनों का भारत साकार करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। सभा में वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद राजकुमार भारद्वाज, कांग्रेस सेवादल जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव आर्यन राय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। सभी ने अपने विचार व्यक्त कर राजीव गांधी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

## बकाया वसूली पर डिस्कॉम की सख्ती, ग्रामीण क्षेत्र से उतारे एक दर्जन ट्रांसफार्मर



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** डिस्कॉम ने ग्रामीण क्षेत्रों में बकाया वसूली अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब बीस लाख रुपये की बकाया राशि पर एक दर्जन ट्रांसफार्मर लाइन से उतार दिए। यह कार्रवाई बुधवार को अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह के निर्देश पर सहायक अभियंता आर.डी. मीणा के नेतृत्व में की गई।

टीम ने दादुर, रेती, पुरा मदारी, टोटरी, कांसपुरा और तकीपुर गांवों में कार्रवाई करते हुए उन जगहों से ट्रांसफार्मर हटाए, जहां लंबे समय से बकाया राशि जमा नहीं की गई थी। डिस्कॉम अधिकारियों ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से अपील की कि वे नियमानुसार विद्युत कनेक्शन लें और अपने बकाया बिल शीघ्र जमा कराएं, ताकि पुनः बिजली आपूर्ति बहाल हो सके।

## मोटर परिवहन कार्यों से जुड़े नियोजकों को कराना होगा पंजीकरण, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** मोटर परिवहन कार्य से जुड़े चालकों, परिचालकों और हैल्परों की सेवा दशाओं में सुधार एवं उनके संरक्षण के लिए मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम, 1961 लागू किया गया है। अधिनियम के अनुसार यदि किसी संस्थान में 5 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं तो संस्थान का पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीयन की प्रक्रिया विभागीय पोर्टल के माध्यम से सरलता से की जा सकती है।

अधिनियम में मोटर परिवहन कर्मचारियों के लिए प्रतिदिन 8 घंटे कार्य का समय निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही साप्ताहिक अवकाश, ओवरटाइम की सीमा और उसकी निर्धारित राशि का भी प्रावधान किया गया है।

श्रम कल्याण अधिकारी उमेश राईका ने बताया कि जिले के सभी मोटर परिवहन कार्यों से जुड़े नियोजक और मालिक अपने संस्थानों का पंजीकरण अवश्य करवाएं और अधिनियम के अनुरूप कर्मचारियों को सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि ऐसा न करने पर संबंधित नियोजकों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर बैठक

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर अरूण हसीजा ने शुक्रवार 22 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वय के साथ ठोस कार्ययोजना बनाकर काम करें और कार्यक्रम को गंभीरता से सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को शत-प्रतिशत कृमि मुक्त कर बेहतर स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता सुनिश्चित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। बैठक के प्रारंभ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि मिट्टी जनित कृमि संक्रमण बच्चों और किशोरों के शारीरिक व बौद्धिक विकास, पोषण तथा हीमोग्लोबिन स्तर पर प्रतिकूल असर डालता है। निश्चित अंतराल पर कृमि मुक्ति से संक्रमण को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। इसके तहत 22 अगस्त को कृमि मुक्ति दिवस और 29 अगस्त को मॉप-अप दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेन्द्र सिंह खंगारोत ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और विद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों व मदरसों में शिक्षक 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोरों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाएंगे। जिला औषधि भंडार प्रभारी डॉ. अनिल जैन ने बताया कि दवा सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचा दी गई है और शीघ्र ही विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में भी आपूर्ति पूरी कर दी जाएगी। मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर चर्चा करते हुए डॉ. बिन्दल ने कहा कि मलेरिया, डेंगू और स्क्रब टाइफस नियंत्रण के लिए चिकित्सा विभाग के साथ ही पंचायती राज, नगर परिषद, नगर पालिका, पशुपालन और कृषि विभाग का सहयोग जरूरी है। इसमें घरों के आसपास की झाड़ियां हटाना, फॉगिंग कराना और मच्छर रोधी गतिविधियों का संचालन करना शामिल है।

कलक्टर ने नगर परिषद व नगर पालिकाओं के आयुक्तों तथा निष्पादन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी वार्डों में फॉगिंग की कार्ययोजना बनाकर स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा करें। वहीं सीईओ जिला परिषद बृजमोहन बैरवा ने ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियां हटवाने की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

बैठक में अतिरिक्त जिला अधिकारी, सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा शिक्षा, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेवाड़ में वत्स द्वादशी पर संतान सुख और आरोग्य की कामना के साथ हुआ पूजन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** मेवाड़ में आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की द्वादशी को वत्स द्वादशी के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है, जिसे स्थानीय भाषा में बच्छ बारस भी कहा जाता है। इस दिन संतानवती महिलाएं उपवास रखकर संतान की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना करती हैं। परंपरा के अनुसार महिलाएं कटे-कुटे हुए अनाज का सेवन नहीं करतीं और केवल साबुत अनाज जैसे मक्का, बाजरा और ज्वार का ही उपयोग करती हैं। सुबह शुभ मुहूर्त में पारंपरिक परिधान धारण कर महिलाएं समूहों में उन स्थानों पर जाती हैं जहां गाय और उसके नवजात बछड़े मिलते हैं। वहां गोवंश और बछड़े का पूजन किया जाता है। इसके बाद गोबर से बने तालाब की पूजा कर धार्मिक कथाएं सुनी जाती हैं। पूजन के पश्चात महिलाएं बुजुर्गों से संतान सुख और संतान के सौभाग्य के लिए आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। इस अवसर पर दिनभर गाय के दूध से बने किसी भी उत्पाद का सेवन वर्जित रहता है। महिलाएं इसके स्थान पर भैंस या बकरी का दूध प्रयोग में लाती हैं। यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है, जिसे बुजुर्ग महिलाएं नई पीढ़ी और बहू-बेटियों को सिखाती रही हैं।

## वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला स्तरीय खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले में अवैध खनन व निर्गमन की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। साथ ही पट्टाधारियों एवं लाइसेंसधारकों की समस्याओं की सुनवाई कर खनन गतिविधियों में उत्पन्न अंतरविभागीय व्यवहारिक समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम सहित अन्य नियमों का खनन गतिविधियों में कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, उपवन संरक्षक वी. चेतन कुमार, खनिज अभियंता पुष्पेंद्र मीणा, पत्थर व्यापार संघ के मुन्नालाल मंगल और मंजरी फाउंडेशन से सुबोध गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जजावर में हैंडीक्राफ्ट एवं हैंडलूम सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** कस्बे के डेयरी सामुदायिक भवन में हैंडीक्राफ्ट एवं हैंडलूम सुपरवाइजर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय राजस्थान ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक औंकार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कुल 30 प्रतिभागियों को एमएसएमई योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण के जरिए प्रतिभागियों को हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र में सुपरवाइजरी कौशल विकसित करने का अवसर मिलेगा।

## भारतीय जनता पार्टी सुवासा मंडल के तत्वदान में 51 वृक्षारोपण किया गया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** बुधवार को भाजपा सुवासा मंडल बूंदी द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुवासा ओम प्रकाश मीणा, प्रतिनिधि परमानंद मीणा, द्वारा ,,एक पेड़ मां के नाम,, अभियान माननीय लोकसभा अध्यक्ष जी की प्रेरणा से वृक्षारोपण किया गया बूंदी प्रवास के दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक जी मीणा प्रदेश महामंत्री का सम्मान और स्वागत किया व 51 पौधे लगवा कर पर्यावरण को बढ़ावा दिया मुख्य अतिथि अशोक मीणा ने बताया कि समाज के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की अपने घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करें इससे आने वाली पीढियां को एक अच्छा स्वच्छ हारा भारत और स्वास्थ्यप्रद वातावरण मिल सकेगा सुवासा ग्राम वासियों ने के कार्य करने के व्यक्तियों ने पौधों की सार संभल की जिम्मेदारी लेते हुए उनको रक्षा सूत्र बांधी गई कार्यक्रम में कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश मीणा, मंडल प्रतिनिधि परमानंद मीणा, फौजी सोहन जी मीणा, मुकेश जी मीणा, नंद बिहारी मीणा, द्वाराकी लाल जी मीणा, जुगराज जी मीणा, राजकमल मीना, मनोज मेघवाल, एवं भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## पंचायत शिक्षक संघ ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (नि.स.)।** पंचायत शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर आज काली पट्टी बांधकर आंदोलन की शुरुआत की। संगठन ने 2 वर्ष की अनुभव छुट एवं स्थाई पद सृजन की मांग उठाई। आंदोलन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष राकेश पालीवाल ने किया। जिला प्रवक्ता दिनेश चंद्र पारीक ने बताया कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025 के बजट में नियमितीकरण की प्रक्रिया के दौरान स्थाई पदों में 2 वर्ष की अनुभव छुट की घोषणा की थी, लेकिन 6 माह बीत जाने के बाद भी आदेश जारी नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में 200 से अधिक विधायकों और मंत्रियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं, फिर भी अब तक निर्णय नहीं आया है, जिससे सहायकों में गहरा रोष है। ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण लोहार ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर आदेश जारी नहीं किए गए तो पेन डाउन हड़ताल कर कार्य बहिष्कार किया जाएगा। रेलमगरा ब्लॉक उपाध्यक्ष शंकर सिंह ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों में आज काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया गया।

# हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य हुआ पार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (राजू शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रेरणादायी नेतृत्व में राजस्थान ने 'हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान' को एक जनआंदोलन का रूप दिया है। प्रदेश में इस मानसून में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य हासिल हो चुका है, मानसून अभी विदा नहीं हुआ है, पौधारोपण जारी है जिससे उम्मीद की जा सकती है कि उपलब्धि ऐतिहासिक होगी। यह अभियान राजस्थान को हरियाली से आच्छादित करने की ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है।



### हरियाली की नई क्रांति

राज्य सरकार ने इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया था। अब तक 10 करोड़ 21 लाख 22 हजार 351 पौधे लगाए जा चुके हैं। इनमें व्यक्तिगत वृक्षारोपण संख्या 37 लाख 51 हजार 534 और ब्लॉक स्तर वृक्षारोपण संख्या 9 करोड़ 83 लाख 70 हजार 817 रही। पिछले साल भी इस अभियान के तहत 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए थे। इस बार शिक्षा विभाग, वन विभाग, आरडीपीआर और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रही।

### एक दिन में बना रिकॉर्ड

27 जुलाई, 2025 को हरियाली तीज पर आयोजित 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर मात्र एक दिन में 2 करोड़ 50 लाख पौधारोपण कर नया रिकॉर्ड बनाया गया।

### पाँच साल में 50 करोड़ पौधों का लक्ष्य

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 'मिशन हरियालो राजस्थान' के तहत पाँच वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' महाअभियान से भी जोड़ा गया है।

### 2 हजार वृक्ष मित्र तैयार होंगे

राज्य सरकार वृक्ष मित्र योजना भी चला रही है। 200 पौधे लगाने वाले को वृक्ष मित्र का दर्जा दिया जाएगा। पूरे प्रदेश में 2 हजार वृक्ष मित्र बनाए जा रहे हैं जिन्हें मानदेय भी मिलेगा। इसके साथ ही हर जिले में आमजन की सहभागिता से मातृ वन विकसित किए जा रहे हैं। लोग जन्मदिवस, सालगिरह या स्मृति स्वरूप् पेड़ लगाकर प्र्यावरण संरक्षण से जुड़ रहे हैं।

### पौधों की क्षेत्रीय अनुकूलता पर जोर

राज्य सरकार पौधों का अधिकतम सर्वाइवल सुनिश्चित करने के लिए जलवायु और मिट्टी की अनुकूलता को प्राथमिकता दे रही है। इससे पौधों के जीवित रहने और वृक्ष बनने की संभावना अधिक बढ़ी है।

### जियो टैगिंग से हो रही निगरानी

अभियान की पारदर्शिता और सफलता सुनिश्चित करने के लिए हरियालो राजस्थान मोबाइल एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग की जा रही है, ताकि उसकी सुरक्षा और संवर्धन पर सतत निगरानी रखी जा सके।

# ब्राह्मण समाज जोड़ो अभियान 27 अगस्त से होगा शुरू

## 11 हजार परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक हरनी महादेव स्थित चामुंडा माता मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। प्रदेश महामंत्री बृजेश पारीक ने बताया कि महासभा द्वारा ब्राह्मण समाज जोड़ो अभियान आगामी 27 अगस्त गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होगा, जो तीन महीने तक चलेगा। इस दौरान ब्रह्म बंधु सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। भीलवाड़ा जिले से लगभग 11 हजार परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेशाध्यक्ष मनोज शर्मा ने जानकारी दी कि 16 नवंबर को युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य समाज के युवाओं को एक मंच पर लाना और वैवाहिक परिचय को बढ़ावा देना है। बैठक में जिला युवा कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। युवा जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल शर्मा ने प्रदेश महामंत्री की सहमति और जिलाध्यक्ष शम्भु पारीक की अनुमति से मनोज व्यास को जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। इसके अलावा ऋषि शर्मा को जिला युवा महामंत्री, नितेश भट्ट को सचिव, सुरेश जोशी, इंद्राज शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, बद्रीलाल शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चंद्रप्रकाश शर्मा, बालकिशन, सांवर शर्मा, शिवराज शर्मा को उपाध्यक्ष, विष्णु शर्मा, नारायण शर्मा, दिनेश शर्मा, संदीप पारीक को संगठन मंत्री, राजेश शर्मा को उपाध्यक्ष और कमलेश शर्मा को युवा मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष शम्भु पारीक, नगर अध्यक्ष गोपाल पारीक, बिट्टू जीत शर्मा, दीपक व्यास, मुकेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# खंडेलवाल ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी का गठन, सोभागचंद्र बील बने प्रदेशाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** अखिल भारतीय खाण्डल विप्र महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा ने बुधवार को राजस्थान प्रदेश खंडेलवाल ब्राह्मण समाज की नई प्रदेश कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया। इसमें मांडलगढ़ (भीलवाड़ा) निवासी सोभागचंद्र बील होडा को प्रदेशाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। कपासन बिलोदा चौकी के प्रचार-प्रसार मंत्री सत्यनारायण खंडेलवाल ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी में सुरेश कुमार रूथला (जयपुर), सुरेश कुमार काचवाल, विनोद चोटिया (सीकर), रामवतार चोटिया (विडोली-सीकर), छीतरमल परवाल (टोंक), रामेश्वर गोवला (भीलवाड़ा), ओमप्रकाश चोटिया (अजमेर), बेनीगोपाल रूथला (नागौर) सहित कई पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। नवीन कार्यकारिणी की घोषणा पर समाजजनों में हर्ष की लहर दौड़ गई। चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष पूरणमल खंडेलवाल, मातृकुंडिया अध्यक्ष पारसमल नडानिया, कपासन बिलोदा चौकी अध्यक्ष शंकरलाल शर्मा सहित पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार जताया। इस मौके पर समाजजनों ने आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण कर खुशी व्यक्त की।

# 30 उपवास का प्रत्याख्यान कर ममता बंब बनीं समाज की प्रेरणा

## मुनि श्री युग प्रभ का भावपूर्ण प्रवचन

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा( नि.स. )।** पर्युषण पर्व के प्रथम दिन नवकार भवन में आयोजित धर्मसभा में मुनि श्री युग प्रभ जी महाराज ने आत्मकल्याण का संदेश देते हुए कहा कि आत्मा पर लगे कर्मों का बोझ ही संसार का मूल कारण है। जब तक यह बोझ नहीं हटता, मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं है। मुनिश्री ने कहा कि शरीर पर पड़ा बाहरी बोझ मनुष्य आसानी से अनुभव कर लेता है, लेकिन आत्मा पर चढ़े कर्मों का भार पहचानना कठिन है। पर्यूषण पर्व इस बोझ को कम करने का एक उत्तम साधन है। उन्होंने पर्यूषण को ट्यूशन की संज्ञा दी और कहा कि जैसे विद्यार्थी अतिरिक्त ज्ञान के लिए ट्यूशन लेते हैं, वैसे ही श्रावक-श्राविकाएं आठ दिनों तक सांसारिक क्रियाओं से दूर रहकर आत्मिक उन्नति का अवसर प्राप्त करते हैं। उन्होंने जीवन में संयम, सद्विचार और सच्चे आचरण की महत्ता बताते हुए कहा कि बुरे विचारों और गलत प्रवृत्तियों से दूर रहना आत्मविकास का आधार है। उन्होंने कहा कि अच्छा न कर पाने से उतना नुकसान नहीं होता जितना गलत करते रहने से होता है। इस अवसर पर श्रीमती ममता बंब (धर्मपत्नी राकेश बंब) ने 30 उपवास का प्रत्याख्यान ग्रहण किया, जो समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना।

# गंहूली पंचायत में विकास अधिकारी का व्यापक निरीक्षण

## प्रधान करण सिंह कानावत के नेतृत्व में योजनाओं को नई गति,सीएसआर से 2100 पौधे मिलेंगे, खुले जिम की सौगात जल्द



बढ़ता राजस्थान

**गंहूली ( कोटड़ी )।** पंचायत समिति कोटड़ी के विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने मंगलवार को ग्राम पंचायत गंहूली और गवली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया, लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और ग्रामीण विकास कार्यों को गति देने के लिए कई अहम निर्देश दिए।निरीक्षण कार्यक्रम में प्रधान करण सिंह कानावत भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे और उन्होंने हर कार्य में ग्रामीणों को प्रेरित करने व पारदर्शिता लाने की भूमिका निभाई।12 आवासों का भौतिक सत्यापन, लाभार्थियों को दिया भरोसा एक दर्जन अधूरे आवासों का भौतिक सत्यापन कर शीघ्र पूर्ण करवाने और पूर्णता प्रमाण पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए।लाभार्थियों से कहा गया कि जैसे ही कार्य पूरा होगा, राशि तुरंत खाते में भेजी जाएगी।सभी को शौचालय निर्माण के लिए भी प्रेरित किया गया।साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी या बिचौलिए द्वारा आवास स्वीकृति के बदले पैसा माँगा जाए, तो तुरंत अवगत कराएँ।प्रधान कानावत ने स्पष्ट कहा कि योजना का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ प्रत्येक पात्र परिवार को दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। निरीक्षण में विकास अधिकारी ने हरियालो राजस्थान कार्यक्रम की प्रगति देखी।कई पौधे गर्मी से जल गए थे, जिन्हें बदलकर तुरंत नए पौधे लगाने के निर्देश दिए गए मियावकी पद्धति से लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग का अवलोकन किया गया।आगे के लिए छायादार और लंबे समय तक टिकने वाले पौधों को लगाने पर जोर दिया गया।प्रधान कानावत ने ग्रामीणों से कहा - पेड़ हमारी अगली पीढ़ी की धरोहर हैं। इनकी देखभाल बच्चों की तरह करनी होगी। निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी ने आरबी माइन्स के निदेशक से मुलाकात की और ष्टस्क्र के तहत ग्राम पंचायत के लिए 2100 पौधे देने के लिए प्रेरित किया। निदेशक ने सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधान कानावत ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी से गांवों का विकास और तेज़ी से होगा। विकास अधिकारी ने गवली ग्राम पंचायत की बैठक में हिस्सा लिया। सभी वार्ड पंचों को मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।पंचों को प्रेरित किया गया कि ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को योजना से जोड़ा जाए।सभी वार्ड पंचों को निर्देशित किया गया कि अपने वार्ड में सुकरात वासन कार्य 2 अक्टूबर तक पूर्ण करें। प्रधान कानावत ने कहा कि योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना वार्ड पंचों की पहली जिम्मेदारी है।

गंहूली में खुले जिम के लिए स्थान चिन्हित किया गया। विकास अधिकारी ने शीघ्र ही जिम लगवाने के निर्देश दिए। प्रधान कानावत ने कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त समाज है। खुले जिम से ग्रामीण, खासकर युवा और महिलाएँ, फिटनेस से जुड़ेंगे।

निरीक्षण में गांव की दैनिक सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा हुई।नालियों की सफाई और कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी स्टाफ और ग्रामीणों को सौंपी गई। विकास अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है।

# 9 करोड़ से बने डिवाइडर बने गंदगी का अड्डा, पौधारोपण भूल गई नगर परिषद

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से शहर के प्रमुख मार्गों और बस स्टैंड क्षेत्र में बनाए गए डिवाइडर आज बदहाल स्थिति में पड़े हैं। इन डिवाइडरों पर न तो मिट्टी डाली गई और न ही पौधारोपण किया गया। नतीजतन ये संरचनाएं गंदगी और गंदा पानी जमा करने का केंद्र बन गई हैं। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा ने इन डिवाइडरों का निर्माण कराया था। दावा किया गया था कि यह कार्य शहर को आधुनिक स्वरूप देने और सौंदर्यीकरण के लिए किया जा रहा है। लेकिन डिवाइडरों पर न हरियाली नजर आ रही है और न ही रखरखाव। हालत यह है कि डिवाइडरों का उपयोग लोग कचरा फेंकने के लिए कर रहे हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर बस स्टैंड पर भी डिवाइडर बना दिए गए, जबकि यहां इनकी कोई आवश्यकता नहीं थी। इसके चलते सड़क संकरी हो गई और आसपास अतिक्रमण बढ़ गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन डिवाइडरों ने न केवल यातायात बाधित किया बल्कि सड़क की चौड़ाई भी कम कर दी। शहरवासियों में यह चर्चा भी है कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए इन डिवाइडरों का असली मकसद विकास नहीं, बल्कि कुछ लोगों की कृषि भूमि तक आसान पहुंच और उनकी जमीन की कीमत बढ़ाना था।

पहले भी घटिया गुणवत्ता से निर्माण की शिकायतें सामने आई थीं, लेकिन सुधार के बजाय पैसे की बर्बादी जारी रही। इस मुद्दे पर नगर परिषद निंबाहेड़ा के सहायक अभियंता रिंकू सिंह ने कहा कि जहां खाली जगह है, वहां पौधे लगाए जाएंगे। हालांकि, सवाल यह है कि क्या प्रशासन ठेकेदार से पौधारोपण करवा पाएगा या ये डिवाइडर यूं ही गंदगी से पटे रहेंगे।

# सीमेंट ट्रांसपोर्ट सेवा संस्थान अध्यक्ष महेंद्र सिंह बालोत का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा( नि.स. )।** पर्युषण सीमेंट ट्रांसपोर्ट सेवा संस्थान निंबाहेड़ा के अध्यक्ष महेंद्र सिंह बालोत का सम्मान राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद की ओर से किया गया।

20 अक्टूबर 2025, बुधवार को परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बिहारी लाल सोलंकी ने स्टेशन रोड स्थित परिषद कार्यालय पर बालोत को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित समारोह में वंचित रह जाने के कारण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में यू.एस. शर्मा, मनवर सिंह, अमन खान और घनश्याम सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# कपासन में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने अर्पित किए श्रद्धासुमन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती अवसर पर विचार गोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने राजीव गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि देश की प्रगति में उनके दृष्टिकोण और नीतियों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि स्व. गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज और देश की सेवा में समर्पित रहना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव ललित बोरीवाल, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रमोद मोदी, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी, पार्षद लोकेश चौधरी, पूर्व पार्षद अब्दुल गफ्फार, शिवशंकर उपाध्याय, सैयद अख्तर अली सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संगम विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ 2025 ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** संगम विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के नए छात्र-छात्राओं के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ 2025 मेगा फ्रेशर्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलगीत और अतिथियों द्वारा नवागत छात्रों के स्वागत से हुई।

इस अवसर पर संगम ग्रुप के चेयरमैन रामपाल सोनी, बोर्ड मेंबर पलक मोदानी, कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना, उपकुलपति प्रो. मानस रंजन पाणिग्रही, रजिस्ट्रार आलोक कुमार, सम्मानित अतिथि डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, आईएएस अक्षत कुमार सिंह और एसडीएम भीलवाड़ा उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने छात्रों को विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, फैकल्टी परिचय और एसडब्लूओटी विश्लेषण की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की अर्निंग उसकी लर्निंग में छिपी होती है।

मुख्य वक्ता डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने छात्रों को समय के



साथ अपडेट रहने, नई तकनीक अपनाने और कंफर्ट जोन से बाहर निकलने की प्रेरणा दी। उनके उत्साहपूर्ण उद्बोधन ने छात्रों का मन मोह लिया।

संगम ग्रुप चेयरमैन रामपाल सोनी ने सफलता के मंत्र साझा करते हुए कहा कि जीवन में मानसिक फिटनेस प्लान आवश्यक है। सोच को हमेशा बड़ा रखें और उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर देश निर्माण में योगदान दें। आईएएस अक्षत कुमार सिंह ने छात्रों को अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ बनने और भविष्य की दिशा अभी से तय करने की सलाह दी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद, एनसीसी और अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम की सफलता में डॉ. लोकेश त्रिपाठी, डॉ. विकास सोमानी, लेफ्टिनेंट राजकुमार जैन, विक्रम यादव, पवन अत्रे, डॉ. श्वेता बोहरा, डॉ. पूनम चौहान, किशन टॉक, डॉ. किशोर सिंह, अक्षय शर्मा, डॉ. संदीप चौरसिया, महावीर पारीक, संजय शर्मा, मार्केटिंग विभाग के आशीष पारीक, कमलेश व्यास, अरविंद दाधीच, एस. राठौड़, पायल नेगी, कन्हैया सोनी, अतुल पराशर सहित अनेक फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# नैनवां-धनाव सड़क निर्माण को लेकर शिष्ट मंडल मिला उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री से

## शीघ्र स्वीकृति का मिला आश्वासन

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर. सैनी )।** नैनवां से धनाव तक 45 किलोमीटर लंबी एमडीआर सड़क पर 5.80 किलोमीटर का अधूरा हिस्सा राहगीरों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। नैनवां से मानपुरा व बांसी से सांवतगढ़ के बीच का यह हिस्सा गड्ढों में तब्दील हो चुका है।

वन भूमि का हिस्सा होने से इस मार्ग का निर्माण कार्य वर्षों से अटका हुआ है। ग्रामीण कई बार इस अधूरी सड़क को पूरा करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। क्षेत्र की समस्या को लेकर सरपंच संघ तहसील अध्यक्ष एवं बांसी सरपंच सत्य प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल उपमुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री श्रीमती दिया कुमारी से मिला। शिष्ट मंडल ने उन्हें नैनवां-धनाव, दबलाना, भवानीपुरा, रानीपुरा, बांसी मार्ग की स्थिति और वन विभाग की आपत्तियों से अवगत कराया। पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी ने भी उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शीघ्र बजट स्वीकृत करने और एमडीआर सड़क के अधूरे 5.80 किलोमीटर हिस्से का निर्माण कार्य पूर्ण करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि पूरी सड़क तैयार है, केवल यह हिस्सा अधूरा होने से आमजन को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। इस हेतु वन भूमि डायवर्जन के प्रस्ताव पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं।

जानकारी के अनुसार, पीडब्ल्यूडी ने वन विभाग को 223.39 लाख रुपए और 12 अंडरपास निर्माण हेतु 792.72 लाख रुपए, कुल 1016.11 लाख रुपए कैंपा फंड से जमा करवाने की अनुमति के लिए प्रस्ताव भेजा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही राशि स्वीकृत कर सड़क निर्माण कार्य पूरा करवाया जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वन विभाग की अनुमति मिल चुकी है और तालेड़ा क्षेत्र में जमीन का अलॉटमेंट कर दिया गया है। तालेड़ा तहसीलदार को म्यूटेशन खोलने हेतु पत्र भी भेजा जा चुका है। जल्द ही निविदा जारी कर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।



# रामद्वारा में श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## संत हरशुकराम ने दिया सच्चे भक्तों के लिए संदेश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** शहर के रामद्वारा में बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ का छठवां दिन मनाया गया। सजंय कॉलोनी निवासी सामरिया परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कथावाचक रामस्नेही संत हरशुकराम ने भगवान के भव्य प्रसंगों का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को गहन संदेश दिए। संत हरशुकराम ने कथा में कंस वध, द्वारिका गमन और रुक्मणी विवाह जैसे प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान के सामने किसी का घमंड टिकता नहीं। चाहे कितना बड़ा विद्वान या तपस्वी हो, घमंड करने पर भगवान उसका घमंड चूर-चूर कर देते हैं। उन्होंने रावण और कंस का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीराम



और भगवान श्रीकृष्ण ने उनके घमंड को नष्ट किया। रुक्मणी विवाह के प्रसंग में संत ने कहा कि यह सच्चे प्रेम, भक्ति और भगवान पर अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि जो भक्त सच्चे हृदय से भगवान को पुकारते हैं, भगवान उनकी रक्षा अवश्य करते हैं और उनकी इच्छाओं की पूर्ति करते हैं। आयोजक रतनलाल सामरिया ने बताया कि कथा में बालमुकन्द तोषनीवाल और अंशुल तोषनीवाल (शाहपुरा) ने संत श्री का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। मंच का संचालन महावीर पोरवाल ने कुशलतापूर्वक किया।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# हिमाचल में सवा घंटे में 2 बार भूकंप के झटके

### रिएक्टर स्केल पर 4 और 3.3 रही तीव्रता

**चंबा (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के चंबा में बुधवार सुबह के वक्त दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। पहली बार सुबह 3 बजकर 27 मिनट पर 3 .3 तीव्रता का भूकंप आया। दूसरी बार सवा एक घंटे के भीतर सुबह 4 बजकर 39 मिनट पर 4 तीव्रता के झटकें आए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, पहले भूकंप की जमीन के भीतर गहराई 20 किलोमीटर रही, जबकि दूसरी बार आए भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर रही। अब तक इससे किसी भी प्रकार के जान व माल के नुकसान की सूचना नहीं है। जिन लोगों ने झटके महसूस किए, वह घरों से बाहर निकल आए। हालांकि झटकों की तीव्रता कम होने की वजह से ज्यादातर लोग इन्हें महसूस नहीं कर पाए। चंबा जिला के अधिकांश क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील यानी जोन 5 में आते है।

# 1 सितंबर को पेश होगा राजा रघुवंशी मर्डर का चालान

### मेघालय पुलिस आखिरी सबूत जुटाने इंदौर पहुंची; मोबाइल दुकानदारों से पूछताछ करेगी

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस 1 सितंबर को शिलॉन्ग कोर्ट में चालान पेश कर सकती है। इसी सिलसिले में सबूत जुटाने के लिए मेघालय पुलिस की एक टीम मंगलवार देर शाम इंदौर पहुंची है। टीम स्थानीय क्राइम ब्रांच के संपर्क में है और हत्याकांड में इस्तेमाल मोबाइल फोनों से संबंधित जानकारी जुटा रही है। मेघालय पुलिस के पास आरोपियों के तीन मोबाइल फोन के बिल और दुकानदारों की जानकारी है। आज इन दुकानदारों से पूछताछ की जा सकती है। फिलहाल, जेल में बंद किसी भी आरोपी का निजी वकील सामने नहीं आया है। हालांकि, राजा रघुवंशी के परिजन को जानकारी मिली है कि सोनम के परिवार ने उसके लिए एक वकील नियुक्त किया है। राजा के परिजन के अनुसार, उनके वकील को चालान पेश होने की सूचना मिल चुकी है।

# रैपर बादशाह के 'बावला' गाने के भुगतान पर विवाद

### कंपनी का दावा- सिंगर ने 2.88 करोड़ नहीं चुकाए, कोर्ट ने एफडीआर जमा कराने को कहा

**करनाल (एजेंसी)।** मशूहर सिंगर-रैपर बादशाह अपने हिट गाने 'बावला' के भुगतान को लेकर कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। करनाल की यूनिसिस इंफोसॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने बादशाह पर आरोप लगाया है कि गाने का काम पूरा करने और रिलीज होने के बाद भी उन्हें पूरा भुगतान नहीं मिला। कंपनी का दावा है कि बादशाह और उनकी एजेंसी पर 2 .88 करोड़ रुपए की देनदारी है। करनाल की कॉमर्शियल कोर्ट ने कंपनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पहले से जमा 1 .70 करोड़ रुपए की एफडीआर (फिक्स्ड डिपॉजिट) को सुरक्षित किया है। अब 16 अगस्त को आए ताजा आदेश में बादशाह को 50 लाख रुपए की अतिरिक्त एफडीआर कोर्ट में जमा करने को कहा है। ताकि कंपनी का बकाया सुरक्षित रहे और बादशाह बैंक से पैसा निकालकर या संपत्ति बेचकर भुगतान से बच न जाएं।

# इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में पंचकूला के आलोक दर्ज

### हार्ट सर्जरी के बावजूद साइकिल से लेह-मनाली पहुंचे, 47 घंटे में 428 किमी. पूरा

**चंडीगढ़।** उम्र बस एक नंबर है, अगर हौसला मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसका उदाहरण पंचकूला के 62 वर्षीय साइक्लिस्ट आलोक भंडारी ने पेश किया है। उन्होंने लेह से मनाली तक 428 किलोमीटर का सफर 48 घंटे से भी कम समय में पूरा कर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा लिया। आलोक दिल के मरीज हैं और 2020 में उनकी हार्ट की सर्जरी भी हुई थी। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और कोविड के बाद साइक्लिंग को अपनी दिनचर्या बना लिया। आलोक, जो पंजाब सरकार के सिंचाई विभाग से रिटायर हो चुके हैं, ने 2022 में पहली बार मनाली से लेह तक का सफर किया था। तब उन्हें यह यात्रा पूरी करने में 5 दिन लगे थे। इसके बाद उन्होंने हर साल अपना रिकॉर्ड बेहतर किया। 2023 में यह यात्रा 4 दिन में, 2024 में 3 दिन में पूरी की।

# आर्मी चीफ और उनकी पत्नी अंगदान करेंगे:बोले- संदेश जाएगा एक सैनिक मृत्यु के बाद भी सेवा में खड़ा; दिल्ली के एक कार्यक्रम में संकल्प लिया

**नई दिल्ली।** भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और उनकी पत्नी सुनीता द्विवेदी मृत्यु के बाद अंगदान करेंगे। दिल्ली के एक कार्यक्रम में बुधवार को दोनों ने इसका संकल्प लिया। आर्मी चीफ द्विवेदी ने कहा, सेना का कर्तव्य देश और समाज के कल्याण को प्राथमिकता देने का है। अंगदान इसका एक तरीका है। सेनाध्यक्ष ने कहा, अगर हम अंगदान करते हैं, तो यह समाज के लिए संदेश होगा कि एक सच्चा सैनिक मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा के लिए खड़ा रहता है।

कार्यक्रम में आर्मी चीफ ने बताया कि भारत अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) के मामले में दुनिया में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। यहां हर साल करीब 20000 ऑर्गन ट्रांसप्लांट होते हैं।

# गोवा के मंत्री अलेक्सियो सेक्वेरा ने इस्तीफा दिया

### कहा- स्वास्थ्य नहीं, व्यक्तिगत कारणों से मंत्रीपद छोड़ रहा हूं; मुख्यमंत्री का पूरा सपोर्ट मिला

**गोवा (एजेंसी)।** गोवा के पर्यावरण, पोर्ट, कानून एवं न्यायपालिका तथा विधायी मामलों के मंत्री एलेक्सो सेक्वेरा ने बुधवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया। नुवेम से 68 साल के विधायक सेक्वेरा ने पणजी में बुधवार दोपहर को मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत को अपना त्यागपत्र सौंपा। नुवेम विधानसभा से विधायक 68 साल के एलेक्सो सेक्वेरा नवंबर 2023 में सावंत के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में शामिल हुए थे। अचानक इस्तीफे को लेकर उन्होंने कहा- मैं स्वास्थ्य कारणों से नहीं, बल्कि व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे रहा हूं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान मुझे मुख्यमंत्री का भरपूर समर्थन मिला। कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जुड़े थे स्क्वेरा ने सितंबर 2022 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। नवंबर 2023 में निलेश काब्राल की जगह मंत्रिमंडल में शामिल हुए थे।

# राजा अपनी मर्जी से किसी को हटा देगा...

## काली टी-शर्ट पहने राहुल गांधी ने 130वें संविधान संशोधन बिल को लेकर साधा निशाना

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए, जिनके तहत प्रधानमंत्री और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार रहने पर पद से हटाया जा सकेगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि हम मध्ययुगीन काल में वापस जा रहे हैं जब राजा अपनी इच्छा से किसी को भी हटा सकता था, या अगर उसे किसी का चेहरा पसंद नहीं आता था, तो वह उसे गिरफ्तार करने के लिए ईडी से कह सकता था, और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए व्यक्ति को 30 दिनों के भीतर बाहर निकाला जा सकता था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को तीन विवादास्पद विधेयकों को पेश किए जाने की निंदा की, जिनमें गंभीर आरोपों में 30 दिन जेल में बिताने के बाद प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह कदम देश को मध्ययुगीन काल में ले जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए, जिनके तहत प्रधानमंत्री और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार रहने पर पद से हटाया जा सकेगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि हम मध्ययुगीन काल में वापस जा रहे हैं जब राजा अपनी इच्छा से किसी को भी हटा सकता था, या अगर उसे किसी का चेहरा पसंद नहीं आता था, तो वह उसे गिरफ्तार करने के लिए ईडी से कह सकता था, और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए व्यक्ति को 30 दिनों के भीतर बाहर निकाला जा सकता था।

आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए गए और लगातार 30 दिन हिरासत में रखे गए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किए गए जिन्हें सदन ने अध्ययन के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच सदन में 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए।



बाद में उनके प्रस्ताव पर सदन ने तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का निर्णय लिया। विधेयकों के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है कि कोई मंत्री जो गंभीर दंडनीय अपराधों के आरोप का सामना कर रहा है, उसे गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में रखा जाता है तो वह संवैधानिक नैतिकता के मापदंडों तथा सुशासन के सिद्धांतों को विफल कर सकता है या उनमें बाधा डाल सकता है और अंतत: लोगों द्वारा उसमें जताए गए विश्वास को कम कर सकता है। इसके अनुसार ऐसे मंत्री को हटाए जाने के लिए संविधान के अधीन कोई उपबंध नहीं है जो गंभीर दंडनीय आरोपों के तहत गिरफ्तार किया

# रविंद्र सिंह भाटी बोले- प्रशासन कंपनियों का गुलाम

## सोलर कंपनी के कर्मचारी की मौत के बाद धरना स्थल पर बिताई रात, महापड़ाव का ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर ( नि.स. )।** जैसलमेर में एक निजी सोलर कंपनी में कार्यरत युवक की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। जिले के भिनाजपुरा में शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी मंगलवार दोपहर से धरने पर बैठे हैं। मंगलवार रात में भी रविंद्र सिंह भाटी खाट डालकर धरना स्थल पर ही डटे रहे। भाटी ने कहा- प्रशासन इन कंपनियों का गुलाम है। न्याय नहीं मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। मांगे नहीं माने जाने पर भाटी ने कंपनी के गेट के आगे आज(बुधवार) को महापड़ाव का आह्वान किया है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग धरना स्थल पहुंच रहे हैं, सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है।

### परिजनों ने कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप

मृतक और घायल के परिजन भी धरने पर बैठे है। उन्होंने कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए है। उनका कहना है कि कंपनी द्वारा कर्मचारियों की रात में रुकने की कोई समुचित व्यवस्था



नहीं की जाती। मजबूरी में कर्मचारियों को अंधेरी रात में असुरक्षित रास्तों से घर लौटना पड़ता है, और इसी लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

ग्रामीणों की मांग है कि मृतक कर्मचारी के परिवार को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए, घायल कर्मचारी के इलाज का पूरा खर्च कंपनी उठाए। भविष्य में कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए ठोस और स्थायी व्यवस्था की जाए।

### भाटी बोले- संघर्ष केवल एक परिवार का नहीं, सबका है

शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी भी मंगलवार दोपहर धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मंगलवार की रात भी धरना स्थल पर ही गुजारी। भाटी का कहना है कि पीड़ित परिवार की मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया, और कंपनी प्रबंधन पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो अगला कदम महापड़ाव होगा। इसी के तहत महापड़ाव का आह्वान किया है। जरूरत पड़ी तो उपखंड कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय और प्रदेश स्तर तक आंदोलन फैलेगा। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष अब केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों के न्याय का संघर्ष है। उन्होंने कहा- प्रशासन इन कंपनियों का गुलाम है, इसलिए बिना इनकी परमिशन एक पांव तक नहीं बढ़ा रहा है। अगर प्रशासन मजबूती के साथ कोई फैसला लेता तो ये नौबत नहीं आती। कोई नहीं चाहता की अपने परिवार के किसी सदस्य की डेड बॉडी रखकर बैठे। पर ये परिस्थिति ऐसी ही बनी है। हम जब तक मांगों के माने जाने तक धरने पर ही रहेंगे। चाहे रात को यहीं सोना क्यों ना पड़े हम यहीं रहेंगे।

# डीजीपी बोले- ताकत सम्मान देने से आती,न कि डराने से

### महिला जागरूक सुरक्षा सप्ताह में कहा- टीम स्कूल, कॉलेज और कोचिंग में जाकर अधिकारों की देगी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से एक विशेष अभियान 'सशक्त नारी,जिम्मेदारी हमारी'' चलाया जा रहा हैं। 7 दिन के इस अभियान की शुरुआत करते हुए डीजीपी राजस्थान राजीव शर्मा ने कहा- असली ताकत सम्मान देने से आती हैं। न कि किसी को डराने या धमकाने से। अपने साथ रहने, काम करने वाली महिलाओं का सम्मान, हम सभी को करना चाहिए। हमारी टीम कॉलेज, स्कूल कोचिंग पर फोकस करेगी। अभियान 20 अगस्त से 26 अगस्त तक चलाया जाएगा। सात दिन कई कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे महिलाएं अपनी शक्ति और अधिकार को जानेगी।

### वॉक और टॉक कार्यक्रम से करेंगे जागरूक

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया- इस अभियान के तहत महिला पुलिस अधिकारी, महिला पुलिस कार्मिक अपने घर के आस-पास वॉक और टॉक कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकार व सुरक्षा कानूनों की जानकारी देंगी। उन्हें राजकॉप सिटिजन एप के नीड हेल्प के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। अभियान के तहत महिला अधिकारी स्कूल, कॉलेजों और औद्योगिक क्षेत्रों में भी जाकर उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करेंगी। महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए लड़ने और बोलने के लिए प्रेरित करेंगी ताकि वे सशक्त बन सकें। अलग-अलग क्षेत्रों में आम लड़कियों और महिलाओं को सुरक्षा वॉरियर्स बनाएंगे ताकि आम महिला अपनी समस्या पुलिस तक पहुंचा सकें।

# बीजेपी चेयरमैन-पार्षदों का अपनी ही पार्टी पर भ्रष्टाचार का आरोप

## बोले- करोड़ों की सरकारी जमीन के पट्टे जारी किए, वार्डों में विकास कार्य थमा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज में सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। हेरिटेज निगम में बुधवार को बीजेपी चेयरमैन और पार्षदों ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

20 से ज्यादा बीजेपी पार्षदों ने मेयर और कमिश्नर पर आरोप लगाते हुए मुख्यालय भवन में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। इस दौरान भाजपा पार्षदों में भ्रष्टाचार मुक्त निगम बनाने के साथ मेयर और कमिश्नर की सद्बुद्धि को लेकर भजन किए।

### गलत ढंग से जारी पट्टे निरस्त हो

बीजेपी पार्षद सुभाष व्यास ने कहा- मौजूदा बोर्ड में 100 करोड़ रुपए की बस्सी सीतारामपूरा की सरकारी जमीन के गलत पट्टे जारी कर जमीन घोटाला हुआ है। इस पूरे मामले में वो सभी दोषी है, जिन्होंने फाइल पर साइन किए। अब उन सब के खिलाफ निष्पक्ष जांच एजेंसी से जांच होनी चाहिए। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लेकर गलत ढंग से जारी पट्टे निरस्त होने चाहिए।

### वार्डों में विकास कार्य रुकने का आरोप, भूख हड़ताल की चेतावनी

सुभाष व्यास ने कहा- नगर निगम के पूर्व कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा ने साधारण सभा की बैठक में सभी पार्षदों के वार्डों में विकास कार्यों के लिए एक-एक करोड़ रुपए देने का ऐलान किया था। वार्डों के विकास कार्य भी सैंक्शन हो गए थे।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में पूर्वोत्तर क्षेत्र भर रहा विकास की नई उड़ान

## ऊर्जा-पर्यटन और कौशल विकास से बदली क्षेत्र की तस्वीर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र- असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम न केवल अपनी अद्भुत प्राकृतिक संपदा, जैव विविधता और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक भौगोलिक दुर्गमता, आधारभूत ढाँचे की कमी और विकास योजनाओं के अभाव के कारण यह क्षेत्र अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाया। किंतु हाल के वर्षों में केंद्रीय मंत्री



ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने इस क्षेत्र को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और चहुंमुखी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

मंगलवार को नई दिल्ली के हैबिटेट सेंटर में जब ज्योतिरादित्य सिंधिया मीडिया से मुखातिब हुए तो अनौपचारिक चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर में समग्र विकास किया जा रहा है।

# आरजीएचएस की व्यवस्था में बड़ा बदलाव

## सीएमएचओ करेंगे जिलों में योजना की निगरानी; सेक्रेटरी बोले- आरजीएचएस और मां योजना के नोडल अधिकारी होंगे एक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** वित्त विभाग से हेल्थ डिपार्टमेंट के कंट्रोल में आए राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। नई बदलाव व्यवस्था के तहत अब जिलों में इस योजना के संचालन और मॉनिटरिंग का जिम्मा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा है।

प्रिंसिपल सेक्रेटरी गायत्री राठौड़ ने बताया- इसके साथ ही मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य बीमा योजना (मां योजना) के तहत जो जिले का नोडल अधिकारी है उसे ही आरजीएचएस का नोडल अधिकारी बनाया है।

नए डायरेक्शन के मुताबिक अब आरजीएचएस से संबंधित हर फाइल राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के सीईओ के जरिए से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को भेजी जाएगी जबकि सरकार से आरजीएचएस के तहत जारी दिशा-निर्देशों की पालना और योजना के संचालन, मॉनिटरिंग का काम जिला में सीएमएचओ के जरिए होगा।

मां योजना के तहत जो वर्तमान में जिलों के नोडल ऑफिसर है वह अब आरजीएचएस के तहत नोडल ऑफिसर होंगे और ये अधिकारी ही जिले में योजना से सम्बन्धित न्यायिक मामलों में राज्य सरकार की ओर से पैरवी करेंगे।

मां योजना के तहत नियुक्त जिला परियोजना समन्वयक जिले में आरजीएचएस योजना के समुचित क्रियान्वयन, समन्वय, मॉनिटरिंग व नियंत्रण के कार्य में भी जिला सीएमएचओ और नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार काम करेंगे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार